BYJU'S EXAM PREP

# Bi-Weekly Current Affairs (16-30 Sept 2022) Hindi PDF



https://byjusexamprep.com

BYJU'S EXAM PREP

# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 16-30 सितंबर 2022

**प्रिय पाठकों,**
यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट अंतिम **दो सप्ताह** (16-31) सितंबर **2022** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. किस बैंक के शेयरों का मूल्य जो अन्यथा कमजोर बाजार में BSE पर एक दिन के कारोबार में 10% बढ़ गया, 564.45 रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद बैंक ने पहली बार बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 5 ट्रिलियन रुपये के आंकड़े को छुआ ______**SBI।**

   **नोट:**
   - 5.03 ट्रिलियन रुपये के बाजार पूंजीकरण के साथ, SBI समग्र बाजार पूंजीकरण रैंकिंग में सातवें स्थान पर रहा।
   - HDFC बैंक (8.38 ट्रिलियन रुपये का बाजार पूंजीकरण) तथा ICICI बैंक (6.33 ट्रिलियन रुपये का बाजार पूंजीकरण) के बाद, SBI देश का तीसरा ऋणदाता बन गया।

2. किस बीमा कंपनी ने AI-आधारित SaaS वॉइस ऑटोमेशन प्लेटफॉर्म (Skit.ai) के सहयोग से AI-संचालित डिजिटल वॉइस एजेंट लॉन्च किया _____**ICICI लोम्बार्ड।**

   **नोट:**
   - विशेषता: यह ग्राहकों को स्वास्थ्य एवं मोटर बीमा पॉलिसियों के लिए उनके बीमा क्लेम की स्थिति जानने में सहायता करेगा।
   - डिजिटल वॉइस एजेंट ने ग्राहकों को अपने क्लेम की स्थिति पर अपडेट प्राप्त करने की प्रक्रिया को एक मिनट के भीतर पूरा करके मदद करना आरंभ भी कर दिया है।

3. पूंजी जुटाने के लिए एक प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव पेश करने की योजना बना रहे RRB के पास पिछले तीन वर्षों में कम से कम कितनी निवल संपत्ति होनी चाहिए _____**300 करोड़ रुपये।**

   **नोट:**
   - सरकार ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRB) को पूंजी जुटाने तथा पात्र RRB की पहचान करने का दायित्व उनके प्रायोजक बैंकों पर डालने संबंधी दिशा-निर्देशों का एक विस्तृत मसौदा जारी किया।
   - उनकी पूंजी पर्याप्तता नियामक न्यूनतम स्तर 9% से अधिक होनी चाहिए।

4. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2022 में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति ____**12.4%।**

   **नोट:**
   - कारण: विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में कमी के कारण WPI मुद्रास्फीति गिर गई।

Join Our Classroom Program Now

- थोक मुद्रास्फीति मई 2022 में 15.88% के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर थी और अगस्त 2022 में 11.64% थी।
- अगस्त दो-अंकीय थोक मूल्य मुद्रास्फीति (WPI) का लगातार 17वां महीना है।

5. फिच रेटिंग के अनुसार, 2022-23 के लिए भारत का सकल घरेलू उत्पाद (GDP) विकास दर पूर्वानुमान _____**7%।**

**नोट:**

- कारण: वैश्विक आर्थिक मंदी, उच्च मुद्रास्फीति और सख्त मौद्रिक नीति के प्रभाव के कारण।
- यूरोपीय गैस संकट, उच्च मुद्रास्फीति तथा वैश्विक मौद्रिक नीति सख्तीकरण में तेजी से आर्थिक संभावनाओं पर भारी असर पड़ रहा है।
- फिच ने अनुमान लगाया है कि 2023-24 में विकास दर 7.4% से कम होकर 6.7% हो जाएगी।

6. किस मंत्रालय ने व्यवसाय में सुगमता को आसान बनाने तथा छोटी कंपनियों पर अनुपालन बोझ को कम करने के लिए "छोटी कंपनियों" की चुकता पूंजी की सीमा को संशोधित किया _____**कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय।**

**नोट:**

- चुकता पूंजी की सीमा: 2 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 4 करोड़।
- टर्नओवर: 20 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 40 करोड़ रुपये।
- लाभ: नकदी प्रवाह विवरण तैयार करने की कोई आवश्यकता नहीं है; संक्षिप्त वार्षिक रिटर्न आदि तैयार करने तथा दाखिल करने का लाभ।

7. कार्यस्थल संस्कृति पर वैश्विक प्राधिकरण ग्रेट प्लेस टू वर्क® द्वारा सूचीबद्ध किया जाने वाला एकमात्र भारतीय बैंक _______**फेडरल बैंक।**

**नोट:**

- एशिया में सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थल™ 2022 में बैंक को 63वां स्थान मिला है।
- यह सम्मान गोपनीय सर्वेक्षण डेटा पर आधारित है जो विश्वास, नवाचार, कंपनी के मूल्यों तथा नेतृत्व पर कर्मचारी के अनुभवों का आकलन करता है।
- कंपनियों का मूल्यांकन उनके द्वारा बिना किसी पद निरपेक्ष के अच्छी तरह से सभी कर्मचारियों का फॉर ऑल™ कार्यस्थल अनुभव सृजन करने के आधार पर भी होता है।

8. चेन्नई स्थित रेप्को होम फाइनेंस लिमिटेड (RHFL) के आवास ऋण ग्राहकों को बीमा समाधान प्रदान करने के लिए किस जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने उसके साथ करार किया ______**एडलवाइस जनरल इंश्योरेंस (EGI)।**

**नोट:**

- EGI, RHFL के ग्राहकों को पूरे भारत में स्थित अपनी शाखाओं के माध्यम से संपत्ति बीमा कवर और ऋण सुरक्षा कवर प्रदान करेगा।
- EGI ऋण ग्राहियों को आर्थिक रूप से सुरक्षा प्रदान करने के लिए अनुकूलित, किफायती तथा सुविधाजनक बीमा समाधान प्रदान करेगा।

Join Our Classroom Program Now

**9.** किस देश के केंद्रीय बैंक ने फिनटेक प्रौद्योगिकी में नियामक सहयोग तथा साझेदारी के लिए IFSCA के साथ एक फिनटेक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए ______**सिंगापुर मौद्रिक प्राधिकरण (MAS)।**

**नोट:**

- MAS सिंगापुर का केंद्रीय बैंक तथा एकीकृत वित्तीय नियामक है।
- IFSCA भारत में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्रों में वित्तीय उत्पादों के विकास तथा विनियमन के लिए एक एकीकृत प्राधिकरण है।

**10.** भारत को सुरक्षित तथा आसान धनप्रेषण सुविधा प्रदान करने के लिए किस बैंक ने रेमिटली के साथ समझौता किया _____**SBI।**

**नोट:**

- यह समझौता NRI को मोबाइल तथा वेब एप्लिकेशन का उपयोग करके अपने परिवार के सदस्यों को रेमिटली के द्वारा SBI के माध्यम से पैसे भेजने में सक्षम बनाएगा।
- अंतरण के स्वरूप तथा राशि के आधार पर, रेमिटली बेहतर विनिमय दर, तत्काल जमा, तथा शून्य धनप्रेषण शुल्क की सुविधा प्रदान करता है।
- यूएस डिपार्टमेंट ऑफ ट्रेजरी ने रेमिटली को मनी सर्विसेज फर्म के रूप में प्रमाणित किया है।

**11.** SBI ने अपनी वरिष्ठ नागरिक FD योजना, 'SBI WeCare FD' में निवेश की समय सीमा कब तक विस्तारित की_____**31 मार्च, 2023।**

**नोट:**

- उद्देश्य: सावधि जमा पर अतिरिक्त ब्याज प्रदान करके वरिष्ठ नागरिकों की आय को सुरक्षित करना।
- जमा अवधि: 5 से 10 वर्ष
- ब्याज दर: जनता के लिए कार्ड दर पर 30 आधार अंक (मौजूदा 50 आधार अंक के प्रीमियम से ऊपर) का अतिरिक्त प्रीमियम।
- FD पर लागू ब्याज दर 6.45% होगी।
- यह ऋण सुविधा की उपलब्धता भी प्रदान करता है।

**12.** RBI ने किस बैंक को अपने प्रॉम्प्ट करेक्टिव एक्शन फ्रेमवर्क (PCAF) से हटाने का फैसला किया ________**सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया।**

**नोट:**

- कारण: न्यूनतम नियामक पूंजी सहित विभिन्न वित्तीय अनुपातों में सुधार।
- PCA मानदंड: यह एक पर्यवेक्षी साधन है और बैंकों पर तब आरोपित किया जाता है, जब वे पूंजी एवं जोखिम भारित संपत्ति अनुपात, निवल NPA तथा परिसंपत्ति प्रतिफल पर कुछ नियामक सीमाओं का उल्लंघन करते हैं।
- RBI ने बैंकों के उच्च निवल NPA तथा ऋणात्मक RoA के कारण जून 2017 में उन पर PCA मानदंड लागू किए।

**13.** किस राज्य सरकार को अपने वित्तीय संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करने तथा सार्वजनिक सेवाओं तक पहुंच में सुधार करने में सहायता हेतु विश्व बैंक से 150 मिलियन डॉलर (लगभग 1,200 करोड़ रुपये) का ऋण प्राप्त हुआ ________**पंजाब।**

**नोट:**

- पंजाब पर इस समय 2.63 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है।
- 150 मिलियन डॉलर के ऋण की परिपक्वता अवधि 15 वर्ष है जिसमें 6 महीने की रियायत अवधि शामिल है।
- पंजाब सरकार अपने विकास लक्ष्य हासिल करने के लिए विश्व बैंक की सहायता से नई परियोजनाएं शुरू करेगी।

**14.** CCI ने वायकॉम18 मीडिया के साथ किस OTT प्लेटफॉर्म के प्रस्तावित विलय को मंजूरी देकर एक सबसे बड़ा OTT प्लेटफॉर्म बनाया _______**जियो सिनेमा OTT।**

**नोट:**

- इसके अंतर्गत रिलायंस का जियो सिनेमा OTT ऐप वायकॉम18 को अंतरित किया जाएगा।
- अप्रैल 2022 में, RIL और वायकॉम18 ने बाधि ट्री सिस्टम (BTS) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की।
- BTS वायकॉम18 में 13,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी जबकि रिलायंस प्रोजेक्ट्स एंड प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सर्विसेज, ब्रॉडकास्टर में 1,645 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।
- BTS उदय शंकर (स्टार के पूर्व अध्यक्ष) की एक निवेश फर्म है।

**15.** एशियाई विकास बैंक (ADB) के अनुसार, वर्ष 2022-23 के लिए भारत की आर्थिक विकास दर ________ **7%।**

**नोट:**

- कारण: उच्च मुद्रास्फीति तथा मौद्रिक सख्ती।
- 2022-23 की पहली तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष-दर-वर्ष 13.5% बढ़ी है, जो सेवाओं में मजबूत वृद्धि को दर्शाती है।
- रिपोर्ट: एशियन डेवलपमेंट आउटलुक (ADO) रिपोर्ट 2022 का द्वितीय परिशिष्ट।

**16.** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में विभिन्न ऊर्जा संरक्षण उपायों के अंगीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए कोटक महिंद्रा बैंक तथा किस संगठन ने मिलकर 'सेव एनर्जी मिशन' शुरू किया _________ **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (IITM)।**

**नोट:**

- कोटक महिंद्रा बैंक की CSR पहल के तहत, IIT-बॉम्बे, IIT-गांधीनगर, IIT-इंदौर, IIT-रोपड़ में उपग्रह केंद्र स्थापित किए जाएंगे।
- सेव एनर्जी मिशन का हब चेन्नई में IIT-मद्रास परिसर में होगा।

**17.** पर्याप्त पूंजी अभाव के कारण RBI ने महाराष्ट्र स्थित किस सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया _________ **लक्ष्मी को-ऑपरेटिव बैंक।**

**नोट:**

Join Our Classroom Program Now

- क्लेम: प्रत्येक जमाकर्ता 5 लाख रुपये तक की जमा बीमा क्लेम राशि प्राप्त करने का हकदार होगा।
- कमिश्नर फॉर कोऑपरेशन रजिस्ट्रार ऑफ कोऑपरेटिव सोसाइटीज़ (महाराष्ट्र) से कार्य समाप्त करने और बैंक के लिए एक परिसमापक नियुक्त करने को कहा गया है।
- आंकड़ों के अनुसार, 99% जमाकर्ता DICGC से पूरी राशि प्राप्त करने के हकदार हैं।

**18.** जापान के MUFG बैंक द्वारा भारत में स्थित अपनी शाखाओं की पूंजी को बढ़ाने के लिए कितनी राशि का निवेश किया गया __________ **3,000 करोड़ रुपये ($380 मिलियन)।**

**नोट:**

- कारण: बैंक अपने भारतीय कारोबार का विस्तार करना चाहता है।
- प्रभाव: यह भारत में अपने वित्तीय आधार को मजबूत करेगा और अपने ग्राहकों की विविध वित्तपोषण आवश्यकताओं पर बेहतर प्रतिक्रिया देगा।
- इस पूंजी निवेश के साथ, भारत में MUFG बैंक की कुल पूंजी बढ़कर 5,207 करोड़ रुपये हो जाएगी।
- बैंक ने गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेकसिटी में एक शाखा खोलकर पहले ही अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है।

**19.** नीदरलैंड स्थित किस पेमेट प्लेटफॉर्म ने भारतीय ग्राहकों तथा व्यापारियों को एक सक्रिय UPI ID के साथ सीमा पार से भुगतान करने तथा प्राप्त करने की अनुमति प्रदान करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) की अंतर्राष्ट्रीय शाखा NPCI इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (NIPL) के साथ साझेदारी की__________ **टेरापे।**

**नोट:**

- दोनों संगठन अपनी अधिकतम क्षमता से काम करने के लिए UPI भुगतान तथा QR समाधानों को मजबूत करने का इरादा रखते हैं।
- यह साझेदारी सीमा पार व्यापारिक भुगतान के लिए UPI तथा QR के उपयोग को और बढ़ाएगी।

**20.** ओरिएंटल तथा साउथ एशियन स्टडीज़ के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लॉन्च किया गया एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म _________ **भारत विद्या।**

**नोट:**

- यह प्लेटफॉर्म भंडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट (BORI) द्वारा डिजाइन तथा विकसित किया गया है।
- यह अपनी तरह का पहला ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जो कला, वास्तुकला, दर्शन, भाषा तथा विज्ञान के बारे में भारतीय विद्या के विभिन्न पहलुओं को कवर करने वाले नि:शुल्क तथा क्रय योग्य दोनों कोर्स प्रदान करता है।
- BORI अपने कोर्स हेतु ऋण प्रदान करने के लिए भारतीय तथा विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर काम करेगा।

Join Our Classroom Program Now

21. किस बैंक को भारतीय रुपये में व्यापार निपटान हेतु रूस के गैज़प्रॉमबैंक के साथ एक विशेष वोस्ट्रो खाता खोलने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की मंजूरी प्राप्त हुई ________ **यूको बैंक।**

**नोट:**

- भारतीय बैंकों को जुलाई में भारतीय मुद्रा में व्यापार करने की अनुमति देने के RBI के निर्णय के बाद RBI की मंजूरी प्राप्त करने वाला यह पहला बैंक है।
- रूस के गैज़प्रॉमबैंक की स्थापना दुनिया के सबसे बड़े गैस उत्पादक एवं निर्यातक गैज़प्रोम द्वारा की गई थी।
- उद्देश्य: गैस उद्योग उद्यमों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना

22. SEBI ने उभरते निवेश वाहकों, रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (REIT) तथा इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (InvIT) को क्या जारी करने की अनुमति दी ________ **वाणिज्यिक पत्र।**

**नोट:**

- कारण: अगस्त 2022 में, RBI ने संकेत दिया कि कम से कम 100 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति वाले InvIT तथा REIT वाणिज्यिक पत्र जारी करने के पात्र हैं।
- शर्त: उन्हें वाणिज्यिक पत्र जारी करने के लिए RBI द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों और SEBI द्वारा निर्धारित सूचीकरण मानदंडों की शर्तों का पालन करना होगा।

23. विश्व बैंक ने "सिस्टम रिफॉर्म एंडेवर्स फॉर ट्रांसफॉर्मेड हेल्थ अचीवमेंट इन गुजरात (SRESTHA-G)" के लिए गुजरात को कितना ऋण मंजूर किया ________ **350 मिलियन अमेरिकी डॉलर।**

**नोट:**

- कारण: राज्य में किशोरियों तथा रोग निगरानी पर विशेष ध्यान देने के साथ स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ाना।
- वित्तपोषक: इंटरनेशनल बैंक ऑफ रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट (IBRD)
- परिपक्वता: 18 वर्ष (5.5 वर्ष की रियायत अवधि सहित)

24. सितंबर 2022 में, RBI ने किस जिले के बैंकरों को जिले में बैंकिंग कार्यों का 100% डिजिटलीकरण हासिल करने के लिए सम्मानित किया __________ **लेह जिला।**

**नोट:**

- डिजिटल बैंकिंग: इसका तात्पर्य एक बैंक द्वारा अपने वित्तीय तथा अन्य लेनदेन के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से ऑनलाइन प्रदान की जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग सेवा से है।
- 2019 में, RBI ने देश के हर राज्य के कम से कम एक जिले को बैंकिंग कार्यों का 100% डिजिटलीकरण करने का प्रस्ताव दिया था।
- भारत का पहला पूर्ण डिजिटल बैंकिंग जिला: त्रिशूर, केरल

25. S&P ग्लोबल रेटिंग के अनुसार, 2022-23 के लिए भारत का आर्थिक विकास पूर्वानुमान ________**7.3%।**

**नोट:**

Join Our Classroom Program Now

- S&P ने यह भी पूर्वानुमान लगाया है कि 2022 के अंत तक मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक की 6% की उच्च उदारता सीमा से ऊपर रहने की संभावना है।
- कारण: इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं के लिए बाह्य परिवेश में बुरा अनुभव आया है और उच्च वैश्विक ब्याज दरें केंद्रीय बैंकों पर दबाव डालेगी।
- जबकि, OECD ने वित्त वर्ष 2023 के लिए भारत की GDP विकास दर 6.9% रहने का अनुमान लगाया है।

**26.** हैदराबाद में साइबर सुरक्षा केंद्र उत्कृष्टता (CCoE) में किस बैंक ने 'एथिकल हैकिंग लैब' का उद्घाटन किया __________ **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया।**

**नोट:**

- उद्देश्य: संभावित साइबर खतरों के खिलाफ बैंक की सूचना प्रणाली, डिजिटल संपत्ति, चैनल आदि की सुरक्षा के लिए साइबर रक्षा तंत्र का निर्माण करना।
- एथिकल हैकिंग लैब का उद्घाटन सुश्री ए. मणिमेखलाई (यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की MD तथा CEO) द्वारा किया गया था।
- यूनियन बैंक डिजिटल पैठ बढ़ाने के लिए अनेक नई पहल अपना रहा है।

**27.** किस अंतर्राष्ट्रीय बैंक ने 2022-2025 के लिए एशिया-प्रशांत को कम से कम 14 बिलियन डॉलर प्रदान करने की योजना की घोषणा की _________ **एशियाई विकास बैंक (ADB)।**

**नोट:**

- कारण: जलवायु परिवर्तन के कारण बिगड़ते खाद्य संकट को कम करना तथा खाद्य प्रणालियों को मजबूत करके दीर्घकालिक खाद्य सुरक्षा में सुधार करना।
- निधि का उपयोग: कृषि निविष्टि, खाद्य उत्पादन तथा वितरण, सामाजिक सुरक्षा, सिंचाई एवं जल संसाधन प्रबंधन सहित क्षेत्रों में मौजूदा एवं नई परियोजनाओं के माध्यम से वित्त पोषण पहुंचाया जाएगा।

**28.** किस स्टॉक एक्सचेंज को अपने प्लेटफॉर्म पर इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसिप्ट्स (EGR) पेश करने के लिए SEBI से अंतिम मंजूरी मिली _________ **BSE।**

**नोट:**

- इससे पहले, SEBI ने गोल्ड एक्सचेंज की स्थापना के लिए एक नियामक ढांचे का प्रस्ताव दिया था।
- उद्देश्य: एक पारदर्शी घरेलू हाजिर कीमत खोज तंत्र बनाने में मदद करना।
- EGR: स्वर्ण का प्रतिनिधित्व करने वाले साधनों को EGR के रूप में जाना जाता है।
- इसे भारत में उपलब्ध अन्य प्रतिभूतियों के समान व्यापार, समाशोधन तथा निपटान सुविधाओं के साथ प्रतिभूतियों के रूप में अधिसूचित किया जाएगा

**29.** विश्व बैंक तथा भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) के सहयोग से सरकार कितनी धनराशि का एक फंड लॉन्च करेगी _________ **1 बिलियन डॉलर।**

**नोट:**

Join Our Classroom Program Now

- उद्देश्य: 2/3 पहिए वाले EV की खरीद के लिए वित्तपोषण करने वाले ऋणदाताओं को ऋण चूक के सामने प्रत्याभूति प्रदान करना तथा EV के तेज और आसान वित्तपोषण की सुविधा प्रदान करना।
- नीति आयोग परियोजना की सुविधा प्रदानकर्ता एजेंसी होगी।
- प्रारंभ में 300 मिलियन डॉलर के फंड का उपयोग "प्रथम हानि जोखिम साझाकरण साधन" के रूप में किया जाएगा।
- कार्यान्वयन संस्था: SIDBI

**30.** सितंबर 2022 में, यूबी (पहले, क्रेडएवेन्यू) ने बैंक के को-लेंडिंग पोर्टफोलियो में वृद्धि करने के लिए किस बैंक के साथ साझेदारी _________ **भारतीय स्टेट बैंक (SBI)।**

**नोट:**

- YubiCo.Lend एक सह-ऋण बाजार है, जो ऋणदाताओं को कई साझेदारों के साथ मिलकर काम करने और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को संयुक्त ऋण वितरित करने की सुविधा प्रदान करता है।
- यूबी एक व्यापक उत्पाद सूट युक्त एक एकीकृत क्रेडिट प्लेटफॉर्म है जो ऋण चक्र के सभी चरणों को पूरा करता है।
- संस्थापक और CEO, यूबी: गौरव कुमार

**31.** सितंबर 2022 में, किस संगठन ने वीज़ा द्वारा संचालित को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने के लिए एक्सिस बैंक के साथ साझेदारी की _________ **सैमसंग।**

**नोट:**

- लाभ: उपभोक्ताओं को पूरे वर्ष सैमसंग के सभी उत्पादों तथा सेवाओं पर 10% कैशबैक मिलेगा।
- वैरिएंट: वीज़ा सिग्नेचर और वीज़ा इन्फाइनाइट
- सिग्नेचर वैरिएंट: कार्डधारक 2,500 रुपये मासिक कैशबैक सीमा के साथ प्रतिवर्ष 10,000 रुपये तक कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं।
- इन्फाइनाइट वैरिएंट: कार्डधारक 5,000 रुपये की मासिक कैशबैक सीमा के साथ प्रतिवर्ष 20,000 रुपये तक कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं।

**32.** विश्व बैंक के अनुसार, 2022 के लिए पूर्वी एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र में अपेक्षित वृद्धि क्या होगी_________**3.2%।**

**नोट:**

- पिछले वर्ष पूर्वी एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र की वृद्धि 7.2% थी।
- चीन में तीव्र मंदी के कारण जो उसके सख्त ज़ीरो-कोविड नियमों के कारण हुआ।
- चीन के सख्त नियमों ने औद्योगिक उत्पादन, घरेलू बिक्री तथा निर्यात को बाधित कर दिया।
- ब्याज दरें बढ़ा दी गईं जो दुनिया भर के केंद्रीय बैंक बढ़ती मुद्रास्फीति से निपटने के लिए कर रहे हैं।

**33.** किस बैंक ने ग्राहकों के लिए विभिन्न तरह के प्रस्तावों के साथ "खुशियों का त्योहार" नामक एक उत्सव अभियान शुरू किया __________ **बैंक ऑफ बड़ौदा।**

**नोट:**

- BoB आवास ऋण बिना किसी प्रसंस्करण शुल्क के 7.95% वार्षिक की प्रतिस्पर्धी ब्याज दर पर उपलब्ध हैं।
- BoB कार ऋण 7.95% वार्षिक (25 आधार अंकों की रियायत) से शुरू होने वाली एक विशेष दर पर पेश किए जा रहे हैं।
- अन्य लाभ: कोई पूर्व-भुगतान / आंशिक भुगतान शुल्क, रियायती प्रसंस्करण शुल्क, और सात वर्ष की लंबी चुकौती अवधि।

**34.** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा रेपो दर में आधे प्रतिशत की वृद्धि के बाद संशोधित रेपो दर ________ **5.9%।**

**नोट:**

- तदनुसार, स्थायी जमा सुविधा को 5.65% पर समायोजित किया गया है, और सीमांत स्थायी सुविधा तथा बैंक दर को 6.15% तक समायोजित किया गया है।
- मई 2022 से, उन्होंने RBI ने रेपो दर में 190 आधार अंकों की वृद्धि की है।
- 2022-23 के लिए वास्तविक GDP 7.0% की दर से बढ़ने का अनुमान है।
- RBI ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने मुद्रास्फीति पूर्वानुमान को 6.7 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है।
- भारत का विदेशी मुद्रा भंडार: 537.5 बिलियन डॉलर

**35.** टाटा मेटालिक्स को ऋण बीमा - लेनदारी लेखा समाधान प्रदान करने के लिए किस बैंक ने HDFC ERGO जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ साझेदारी की और एट्रैडियस (व्यापार ऋण बीमा प्रदाता) द्वारा पुनर्बीमा किया गया _________ **DBS बैंक (भारत)।**

**नोट:**

- यह ऋण बीमा सौदा ट्रेड क्रेडिट बीमा का लाभ उठाने वाला पहला सौदा है।
- संशोधित ढांचा IRDAI द्वारा नवंबर 2021 में शुरू किया गया था, जो बैंकों को इस प्रस्ताव में भाग लेने की अनुमति देता है।

**36.** कैबिनेट ने महंगाई भत्ता (DA) तथा महंगाई राहत में 4% की वृद्धि की है, जो कब से प्रभावी है_________ **1 जुलाई, 2022।**

**नोट:**

- DA और महंगाई राहत (DR) की अतिरिक्त किस्त मूल वेतन/पेंशन के 34% की मौजूदा दर में 4% की वृद्धि है।
- DA और DR दोनों के कारण राजकोष पर 12,852.5 करोड़ रुपये प्रति वर्ष का संयुक्त प्रभाव होगा।
- DA और DR में वृद्धि जून, 2022 को समाप्त अवधि के लिए अखिल भारतीय CPI के 12 मासिक औसत में प्रतिशत वृद्धि पर आधारित है।

## श्रद्धांजलियां

Join Our Classroom Program Now

1. एस. सैमी वेल्लू, जिनका हाल ही में निधन हो गया, किस देश के कैबिनेट मंत्री थे _________**मलेशिया।**

   **नोट:**

   - उन्होंने जून 1983 से जून 1989 तक और फिर मई 1995 से मार्च 2008 तक कार्य मंत्री के रूप में काम किया।
   - उन्होंने जून 1989 से मई 1995 तक ऊर्जा, दूरसंचार मंत्री का पद भी संभाला।
   - 1979 से 31 वर्ष तक MIC प्रेसीडेंट रहने के बाद वह सबसे लंबे समय तक इस पद पर रहे।

2. असद रऊफ का निधन हो गया, वह किस देश के पूर्व अंपायर थे _______**पाकिस्तान।**

   **नोट:**

   - वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वर्ष 2000 में अंपायर के रूप में शामिल हुए थे।
   - उन्होंने 64 टेस्ट, 139 ODI तथा 28 T20I में अंपायरिंग की और 2000 के दशक के मध्य में पाकिस्तान के प्रमुख अंपायरों में से एक थे।
   - उन्होंने अंपायरिंग करने से पहले नेशनल बैंक और रेलवे के लिए 71 प्रथम श्रेणी मैच खेले थे, अप्रैल 2006 में उन्हें ICC एलीट पैनल में नियुक्त किया गया था।

3. नरेश कुमार, जिनका हाल ही में निधन हो गया, किस खेल के पूर्व खिलाड़ी थे_______**टेनिस।**

   **नोट:**

   - स्वतंत्रता के बाद नरेश कुमार भारतीय टेनिस में एक बड़ा नाम बन गए।
   - उन्होंने 1949 में इंग्लैंड में नॉर्दर्न चैंपियनशिप (जिसे बाद में मैनचेस्टर ओपन के नाम से जाना जाता है) के फाइनल में पहुंचकर सुर्खियां बटोरीं।

4. माणिकराव गावित, जिनका हाल ही में निधन हो गया, किस क्षेत्र से संबंधित थे_______**राजनीति।**

   **नोट:**

   - 2004 की मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार में कांग्रेस नेता गृह राज्य मंत्री थे।
   - नौ बार के लोकसभा सांसद, गावित ने 1980 से 2009 तक आदिवासी बहुल नंदुरबार निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और 2014 में चुनाव हार गए।
   - गावित के पुत्र भरत 2019 में कांग्रेस द्वारा टिकट नहीं दिए जाने के बाद भाजपा में शामिल हो गए।

5. राजू श्रीवास्तव, जिनका हाल ही में निधन हो गया, एक प्रसिद्ध थे ______**हास्य-कलाकार।**

   **नोट:**

   - वे उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष थे।
   - 2005 में रियलिटी स्टैंड-अप कॉमेडी शो "द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज" के पहले सीज़न में भाग लेने के बाद उन्हें प्रसिद्धि मिली।
   - उन्होंने मैंने प्यार किया, बाजीगर, बॉम्बे टू गोवा की रीमेक और आमदानी अठन्नी खर्चा रुपइया जैसी हिंदी फिल्मों में सहायक भूमिकाएं निभाईं।

6. अंतरिक्ष-यात्री, व्लादिमीरोविच पोलयाकोव, जिनके नाम अंतरिक्ष में सबसे लंबे समय तक अकेले रुकने का रिकॉर्ड है, का निधन हो गया, वह किस देश से संबंधित थे _______**रूस।**

   **नोट:**

Join Our Classroom Program Now

BYJU'S EXAM PREP

- वह 1988 में अंतरिक्ष में अपने पहले मिशन पर गए और आठ महीने बाद 1989 में वापस लौटे।
- वह एक बार में रिकॉर्ड 437 दिनों तक अंतरिक्ष में रहे और पृथ्वी की परिक्रमा करते मीर अंतरिक्ष स्टेशन पर रहते हुए 8 जनवरी, 1994 और 22 मार्च, 1995 के बीच 7,000 से अधिक बार बाहर निकलकर काम किया।
- वह अपने करियर (678 दिन और 16 घंटे) के दौरान दो अंतरिक्ष अभियान पर गए।

7. लुईस फ्लेचर, जिनका निधन हो गया है, क्या थीं________ **अभिनेत्री।**

**नोट:**

- उन्हें 1976 में वन फ़्ल्यू ओवर द कूकू'ज़ नेस्ट (1975) में नर्स रैच्ड की भूमिका हेतु ऑस्कर से सम्मानित किया गया था।
- वह बाफ्टा पुरस्कार तथा गोल्डन ग्लोब पुरस्कार भी प्राप्त कर चुकीं थीं।
- टेलीविजन श्रृंखला पिकेट फेंस (1996) तथा जोन ऑफ अर्केडिया (2004) में उनकी भूमिकाओं हेतु उन्हें दो एमी अवॉर्ड के लिए नामित किया गया था।

8. सर्वाधिक बिकने वाली पुस्तक वुल्फ हॉल की लेखिका जिनका हाल ही में निधन हो गया _________ **डेम हिलेरी मेंटल।**

**नोट:**

- उन्हें वुल्फ हॉल (2009) और ब्रिंग अप द बॉडीज (2012) के लिए बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- उनकी प्रमुख कृतियां: फ्लूड्ड; बियॉन्ड ब्लैक
- उनका पहला उपन्यास 'एवीं डे इज मदर्स डे' 1985 में प्रकाशित हुआ था।
- उन्हें वाल्टर स्कॉट पुरस्कार (2010, 2021) और कोस्टा उपन्यास पुरस्कार (2012) से भी सम्मानित किया गया था।

9. आर्यदान मुहम्मद, जिनका निधन हो गया है, किस राजनीतिक दल के सदस्य थे_________ **कांग्रेस।**

**नोट:**

- उन्होंने 1977 में केरल विधानसभा की नीलांबुर सीट (मलप्पुरम जिला) जीती।
- 1980 में जब वे वाम मोर्चा ग्रुप ए के सदस्य थे, तब वे ई.के. नयनार कैबिनेट में मंत्री भी रहे।
- उन्होंने ए.के. एंटनी कैबिनेट और ओमन चांडी कैबिनेट में मंत्री पद भी संभाला।

10. यूएस रैपर कूलियो का निधन हो गया। उसका वास्तविक नाम क्या है _________ **आर्टिस लियोन इवे जूनियर।**

**नोट:**

- उन्होंने बेस्ट रैप सोलो परफॉर्मेंस श्रेणी में गैंगस्टास पैरेडाइज के लिए 1996 ग्रैमी पुरस्कार जीता।
- उन्हें 1996 में अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड भी मिला।

BYJU'S EXAM PREP

- उनके अन्य एल्बम: इट्स टेक ए थीफ (1994), माई सोल (1997), फैंटास्टिक वॉयेज (1994), 1, 2, 3, 4 (सम्पिन 'न्यू) (1996), और सी यू व्हेन यू गेट देयर (1997)

**11.** जयंती पटनायक, जिनका निधन हो गया, क्या थीं __________ **राजनीतिज्ञ।**

**नोट:**

- वह NCW की पहली अध्यक्ष (1992 से 1995) और अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की दूसरी अध्यक्ष भी थीं।
- वह 1981, 1984 और 1998 में कटक तथा बरहामपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से चुनी गईं।
- उन्हें 1996 में राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था।
- वह अपने साहित्यिक कौशल के लिए भी जानी जाती थीं, उन्होंने के.एम. मुंशी की कृष्णावतार का उड़िया में अनुवाद किया।

## महत्वपूर्ण दिवस

**1.** राष्ट्र के विकास में अभियंताओं (इंजीनियर) के योगदान को सम्मानित करने के लिए भारत हर वर्ष किस तारीख को राष्ट्रीय अभियंता दिवस मनाता है ________**15 सितंबर।**

**नोट:**

- यह दिवस सर मोक्ष गुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिन्हें भारत के महानतम अभियंताओं में से एक माना जाता है।
- एम. विश्वेश्वरैया मैसूर शहर के उत्तर-पश्चिम उपनगर में कृष्णा राजा सागर बांध के मुख्य अभियंता थे।
- भारत के साथ, श्रीलंका और तंजानिया भी 15 सितंबर, 2022 को अभियंता दिवस मनाते हैं।

**2.** किस संगठन ने स्वच्छता संबंधी गतिविधियों को प्रेरित करने के लिए 17 सितंबर 2022 (सेवा दिवस) से 2 अक्टूबर 2022 (गांधी जयंती) तक क्रियाकलाप पखवाड़े स्वच्छ अमृत महोत्सव की शुरुआत की ________**भारतीय स्वच्छता लीग।**

**नोट:**

- यह पूर्ण हृदय से सहभागिता और गर्व के साथ अपनी टीम पहचान रखने वाली अत्यधिक प्रेरित युवा टीमों की उपस्थिति के साथ शुरू हुआ।
- यह शहर के युवाओं द्वारा प्रेरित स्वच्छता मानकों पर खेली जाने वाली एक अंतर-शहर प्रतियोगिता है।

**3.** रोगी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किए जाने वाले विभिन्न सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 17 सितंबर को कौन सा दिवस मनाया जाता है _______**विश्व रोगी सुरक्षा दिवस।**

**नोट:**

- यह WHO के वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य दिवसों में से एक है।
- यह 2019 में 72वीं विश्व स्वास्थ्य सभा द्वारा WHA72.6-रोगी सुरक्षा पर वैश्विक कार्यवाही के प्रस्ताव के अंगीकरण द्वारा स्थापित किया गया था।

Join Our Classroom Program Now

- रोगी सुरक्षा दिवस 2022 का विषय: Medication without Harm

**4.** अंतर्राष्ट्रीय बधिर सप्ताह (IWD) सितंबर के किस दिन समाप्त होने वाले पूरे सप्ताह में मनाया जाता है _________**अंतिम रविवार।**

**नोट:**

- 2022 में, IWD 19 सितंबर से 25 सितंबर 2022 तक मनाया गया।
- 2022 का विषय: Building Inclusive Communities for All
- यह वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ द डेफ (WFD) की एक पहल है और इसे पहली बार 1958 में रोम, इटली में उस माह के सम्मान के उपलक्ष्य में शुरू किया गया था जब WFD की पहली विश्व कांग्रेस आयोजित की गई थी।

**5.** एक अत्यंत उपयोगी पौधे (बांस) के संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व बांस दिवस 2022 किस तारीख को मनाया जाता है _______**18 सितंबर।**

**नोट:**

- इस दिवस की संकल्पना विश्व बांस संगठन (WBO) द्वारा की गई है।
- यह दिवस बांस उद्योग की चिंताओं को उजागर करके उद्योग को बढ़ावा भी देता है।
- WBD को आधिकारिक तौर पर विश्व बांस संगठन द्वारा 18 सितंबर को बैंकॉक में 2009 में आयोजित 8वीं विश्व बांस कांग्रेस में घोषित किया गया था।

**6.** समान मूल्य के काम के लिए समान वेतन की प्राप्ति की दिशा में दीर्घकालिक प्रयासों का प्रतिनिधित्व करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समान वेतन दिवस किस तारीख को मनाया जाता है _________**18 सितंबर।**

**नोट:**

- अंतर्राष्ट्रीय समान वेतन दिवस पहली बार 1996 में राष्ट्रीय समान वेतन समिति द्वारा मनाया गया था।
- इसका लक्ष्य समान वेतन प्राप्त करना था। इक्वल पे इंटरनेशनल कोएलिशन ने 2019 तक इसे आधिकारिक तौर पर जागरूकता बढ़ाने के दिवस के रूप में मनाना नहीं शुरू किया था।

**7.** रोगी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए जाने वाले विभिन्न सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विश्व रोगी सुरक्षा दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है ______**17 सितंबर।**

**नोट:**

- विषय: Medication Safety, नारा; 'Medication Without Harm', कार्य आह्वान; 'Know, Check & Ask'।

**8.** विश्व ओजोन दिवस या अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस किस तारीख को मनाया जाता है_______**16 सितंबर।**

**नोट:**

- इस दिवस का उद्देश्य ओजोन परत के महत्व तथा आवश्यकता के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है जो सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों के विरुद्ध पृथ्वी पर एकमात्र सुरक्षा है।
- विषय: Global Cooperation Protecting Life on Earth

Join Our Classroom Program Now

9. कैंसर के तेजी से बढ़ते सामान्य रूप लिम्फोमा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व लिंफोमा जागरूकता दिवस (WLAD) हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है _______**15 सितंबर।**

**नोट:**

- यह लिंफोमा कोएलिशन द्वारा आयोजित एक वैश्विक पहल है।

10. अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनाया जाता है_______**15 सितंबर।**

**नोट:**

- इस वर्ष, यह दिवस अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस की 15वीं वर्षगांठ है।
- इस वर्ष, यह दिवस "लोकतंत्र, शांति तथा सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मीडिया की स्वतंत्रता के महत्व" पर केंद्रित है।
- 2007 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा एक प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस की स्थापना की गई थी।

11. तंत्रिका संबंधी विकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व अल्जाइमर दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है______**21 सितंबर।**

**नोट:**

- विषय 2022: know dementia, know Alzheimer's
- अल्जाइमर रोग: यह मनोभ्रंश (डेमेंशिया) का सबसे आम रूप है। यह मस्तिष्क की कोशिकाओं को नष्ट कर देता है जिससे स्मृति हानि, स्मृति परिवर्तन, अनिश्चित व्यवहार और शरीर की क्रियाओं की हानि होती है।

12. 24 घंटे के लिए अहिंसा तथा युद्धविराम का पालन करके राष्ट्रों और लोगों के बीच शांति के आदर्शों को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस विश्व स्तर पर किस तारीख को मनाया जाता है_______**21 सितंबर।**

**नोट:**

- अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस 2022 का विषय “End racism. Build peace.”
- इस दिवस की स्थापना 1981 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी।

13. राइनो (गैंडे) की विभिन्न प्रजातियों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विश्व राइनो दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है _________**22 सितंबर।**

**नोट:**

- यह दिवस गैंडे की सभी पांच प्रजातियों अर्थात् सुमात्रा, काला, एक-सींग, जावन और सफेद राइनो प्रजाति की भी सराहना करता है।
- विषय 2022: “Five Rhino Species Forever”
- इस दिवस की घोषणा WWF-दक्षिण अफ्रीका द्वारा 2010 में की गई थी।
- यह दिवस पहली बार 2011 में मनाया गया था और तब से यह दुनिया भर में मनाया जाता है।

**14.** संयुक्त राष्ट्र ने बधिर लोगों के मानवाधिकारों की अनुभूति में सांकेतिक भाषा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस किस तारीख को घोषित किया __________ **23 सितंबर।**

**नोट:**

- विषय 2022: Sign Languages Unite us
- अंतर्राष्ट्रीय बधिर सप्ताह के एक भाग के रूप में 2018 में पहला अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाया गया।
- भारतीय सरकार सांकेतिक भाषा दिवस कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें भारतीय सांकेतिक भाषा शब्दकोश ऐप लॉन्च किया गया।

**15.** फार्मेसिस्टों की भूमिका समझाने तथा उन्हें सम्मान अर्पित करने के लिए विश्व फार्मासिस्ट दिवस हर वर्ष मनाया जाता है _________ **25 सितंबर।**

**नोट:**

- यह दिवस इस्तांबुल में इंटरनेशनल फार्मास्युटिकल फेडरेशन (FIP) परिषद द्वारा वर्ष 2009 में प्रस्तावित किया गया था।
- विषय 2022: Pharmacy united in action for a healthier world
- विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाने के लिए यह तारीख इसलिए चुनी गई क्योंकि इस दिन 1912 में इंटरनेशनल फार्मास्युटिकल फेडरेशन की स्थापना की गई थी।

**16.** विश्व के विभिन्न भागों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विश्व पर्यटन दिवस 2022 हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है __________ **27 सितंबर।**

**नोट:**

- विश्व पर्यटन दिवस 2022 का विषय 'Rethinking Tourism'
- इस दिवस की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) द्वारा 1979 में की गई थी।
- इस तारीख का चयन UNWTO द्वारा इसलिए किया गया था, क्योंकि यह दिन UNWTO संविधि को अंगीकृत करने की वर्षगांठ का प्रतीक है।
- 1997 में, UNWTO ने निर्णय लिया कि प्रत्येक वर्ष विभिन्न मेजबान देशों में यह दिवस मनाया जाएगा।

**17.** जल निकायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा उनके संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विश्व नदी दिवस 2022 कब मनाया जाता है__________ **25 सितंबर।**

**नोट:**

- यह हर वर्ष सितंबर के चौथे रविवार को मनाया जाता है।
- यह दिवस नदियों के मूल्यों को उजागर करता है और दुनिया भर में जन जागरूकता बढ़ाने और नदियों के बेहतर पर्यवेक्षण को प्रोत्साहित करने का प्रयास करता है।
- इस वर्ष के विश्व नदी दिवस का विषय 'The importance of Rivers to Biodiversity'

**18.** विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है__________ **26 सितंबर।**

Join Our Classroom Program Now

BYJU'S EXAM PREP

**नोट:**

- उद्देश्य: पर्यावरण की स्थिति के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना और लोगों को इसे खराब होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने हेतु प्रोत्साहित करना।
- इस वर्ष के विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस का विषय "सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ बनाना" है।

**19.** अंतर्राष्ट्रीय पुत्री दिवस हर वर्ष सितंबर के किस दिन मनाया जाता है __________ **सितंबर का चौथा रविवार।**

**नोट:**

- इस वर्ष यह दिवस 25 सितंबर को मनाया जा रहा है।
- दुनिया भर में लोग अपनी पुत्रियों के साथ कुछ मूल्यवान समय बिताकर और उनके लिए कुछ विशेष कार्य करके यह दिवस मनाते हैं।

**20.** गर्भनिरोधक ज्ञान तथा परिवार नियोजन के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विश्व गर्भनिरोधक दिवस किस तारीख को मनाया जाता है _________ **26 सितंबर।**

**नोट:**

- विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, विश्व गर्भनिरोधक दिवस के महत्व को सतत विकास एजेंडे 2030 में शामिल किया गया है।

**21.** परमाणु हथियारों के संपूर्ण उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस संयुक्त राष्ट्र हर वर्ष किस तारीख को मनाता है __________ **26 सितंबर।**

**नोट:**

- उद्देश्य: परमाणु हथियारों से मानवता के लिए उत्पन्न खतरे तथा उनके पूर्ण उन्मूलन की आवश्यकता के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना।
- यह जनता तथा उनके नेताओं को ऐसे हथियारों को खत्म करने के वास्तविक लाभों तथा उन्हें बनाए रखने की सामाजिक तथा आर्थिक कीमतों के बारे में शिक्षित करने का अवसर प्रदान करता है।

**22.** भारत में प्रतिवर्ष अंत्योदय दिवस मनाया जाता है__________ **25 सितंबर।**

**नोट:**

- यह भारतीय नेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती का प्रतीक है और उनके जीवन तथा विरासत को याद करने के लिए उनके सम्मान में मनाया जाता है।
- 2022 में, अंत्योदय दिवस श्री उपाध्याय की 105वीं जयंती है।
- वे भारतीय जन संघ (BJS) के सह-संस्थापक तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के विचारक थे।

**23.** रेबीज के खिलाफ लड़ाई को बढ़ावा देने तथा इसकी रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व रेबीज दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है ________ **28 सितंबर।**

**नोट:**

Join Our Classroom Program Now

- विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, विश्व रेबीज दिवस 2022 का विषय 'Rabies: One Health, Zero Deaths'
- यह दिवस पहली बार 2007 में दुनिया की सबसे घातक संक्रामक बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया गया था।
- इस अभियान को एलायंस फॉर रेबीज कंट्रोल सहित कई संगठनों के बीच साझेदारी के रूप में शुरू किया गया था।

**24.** सूचना से संबंधित कानूनों का विस्तार करने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इंटरनेशनल डे फॉर यूनिवर्सल एक्सेस टू इनफॉर्मेसन (IDUAI) हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है __________ **28 सितंबर।**

**नोट:**

- उद्देश्य: इस विचार का समर्थन करना कि सभी को सूचना मांगने, प्राप्त करने और वितरित करने का अधिकार है।
- 2022 में वैश्विक सम्मेलन का विषय "Artificial Intelligence, e-Governance and Access to Information"
- 17 नवंबर 2015 को यूनेस्को ने 28 सितंबर को IDUAI घोषित किया है।

**25.** हृदय संबंधी समस्याओं और बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व हृदय दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है ________ **29 सितंबर।**

**नोट:**

- विषय 2022: Use Heart for Every Heart
- यह दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन और वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन (WHF) के सहयोग से स्थापित किया गया था।
- WHF के अध्यक्ष, एंटोनी बेयस डी लूना, जिन्होंने 1997 से 1999 तक इस पद पर कार्य किया, ने यह विचार पेश किया था।
- पहले यह दिवस मूल रूप से 24 सितंबर 2000 को मनाया जाता था।

**26.** अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) सितंबर के किस दिन विश्व समुद्री दिवस मनाता है________ **अंतिम गुरुवार।**

**नोट:**

- इस वर्ष, यह 29 सितंबर को मनाया गया।
- फोकस: समुद्री सुरक्षा तथा समुद्री पर्यावरण पर जनता का ध्यान आकर्षित करना।
- 2022 विषय: New technologies for greener shipping
- विश्व समुद्री दिवस पहली बार 17 मार्च 1978 को मनाया गया था।
- IMO की स्थापना 1948 में शिपिंग क्षेत्र की देखरेख के लिए की गई थी।

## नई नियुक्तियां

Join Our Classroom Program Now

BYJU'S EXAM PREP

1. के.के. वेणुगोपाल के पद छोड़ने के बाद भारत का 14वां अटॉर्नी जनरल कौन होगा______**मुकुल रोहतगी।**

   **नोट:**

   - मुकुल रोहतगी ने इससे पहले जून 2014 और जून 2017 के बीच अटॉर्नी जनरल (महान्यायवादी) के रूप में कार्य किया है।
   - इस वर्ष जून के अंत में, अटॉर्नी जनरल वेणुगोपाल का कार्यकाल तीन महीने या "अगले आदेश तक" के लिए बढ़ा दिया गया था।
   - यह विस्तार 30 सितंबर को समाप्त होने वाला है।

2. सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (SIAM) ने किन्हें 2022-23 के लिए अपना अध्यक्ष चुना ________**विनोद अग्रवाल (वोल्वो आयशर कमर्शियल व्हीकल्स के MD एवं CEO)।**

   **नोट:**

   - उन्होंने मारुति सुजुकी इंडिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष तथा पूर्णकालिक निदेशक केनिची आयुकावा की जगह ली।
   - इससे पहले, उन्होंने SIAM के उपाध्यक्ष के पद पर कार्य किया था।
   - SIAM ने 2022-23 के लिए टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के MD शैलेश चंद्रा को उपाध्यक्ष भी चुना।

3. इंडसइंड बैंक ने 24 मार्च, 2023 से तीन वर्ष के लिए किन्हें पुन: प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी (MD तथा CEO) नियुक्त करने की मंजूरी दी ________**सुमंत कठपालिया।**

   **नोट:**

   - उन्हें मार्च 2020 में इंडसइंड बैंक का MD तथा CEO नियुक्त किया गया था।
   - इंडसइंड बैंक से पहले, उन्होंने सिटी बैंक, बैंक ऑफ अमेरिका तथा एबीएन एमरो के साथ काम किया था।

4. नवीनतम यूनिसेफ सद्भावना राजदूत किन्हें नियुक्त किया गया ________**युगांडा की जलवायु कार्यकर्ता, वैनेसा नाकाटे।**

   **नोट:**

   - उन्हें संगठन के साथ उनके सहयोग और मौजूदा तथा भावी पीढ़ियों के लिए जलवायु न्याय के प्रति उनके उत्कृष्ट वैश्विक समर्थन हेतु चुना गया।
   - उन्होंने जनवरी 2019 में ग्रेटा थुनबर्ग से प्रेरित होकर कंपाला की सड़कों पर अपने भाई-बहनों के साथ मिलकर प्रतिवाद करके कार्य आरंभ किया।

5. सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (PESB) ने NLC इंडिया लिमिटेड का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक किन्हें चुना ________**प्रसन्ना कुमार मोटुपल्ली।**

   **नोट:**

   - वे वर्तमान में NTPC लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक हैं।
   - वे मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्वर्ण पदक विजेता हैं और ऑपरेशन मैनेजमेंट, एचआर मैनेजमेंट, मार्केटिंग तथा फाइनेंशियल मैनेजमेंट में मास्टर ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट हैं।

Join Our Classroom Program Now

6. भूतपूर्व सैनिक कल्याण सचिव का पदभार किसने ग्रहण किया______**वरिष्ठ नौकरशाह, विजय कुमार सिंह।**

**नोट:**

- वह पंजाब कैडर के 1990 बैच के IAS अधिकारी हैं और उन्हें प्रशासन में 32 वर्षों से अधिक का अनुभव है।
- उन्होंने हाल ही में कपड़ा मंत्रालय में विशेष सचिव के रूप में कार्य किया।

7. एशिया पैसिफिक फोरम (APF) की शासन समिति का सदस्य किन्हें चुना गया _____**अरुण कुमार मिश्रा।**

**नोट:**

- उन्हें APF की 27वीं वार्षिक आम सभा में ग्लोबल अलायंस ऑफ नेशनल ह्यूमन राइट्स इंस्टीट्यूशंस (GANHRI) ब्यूरो का सदस्य भी चुना गया।
- GANHRI दुनिया भर में सबसे बड़े मानवाधिकार नेटवर्कों में से एक है।

8. भारतीय रिजर्व बैंक ने तीन वर्ष के लिए CSB बैंक का प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी किन्हें नियुक्त करने की मंजूरी दी ______**प्रलय मंडल।**

**नोट:**

- वह 17 फरवरी, 2022 से बैंक के उप प्रबंध निदेशक थे।
- बाद में उन्हें 1 अप्रैल, 2022 से अंतरिम MD एवं CEO नियुक्त किया गया।
- CSB बैंक में शामिल होने से पहले, मंडल एक्सिस बैंक में कार्यकारी निदेशक और खुदरा बैंकिंग के प्रमुख थे।

9. भारत व्यापार संवर्धन संगठन (ITPO) का नया अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक किन्हें नियुक्त किया गया _______**बी.वी.आर. सुब्रहमण्यम (IAS)।**

**नोट:**

- वह एल.सी. गोयल की जगह लेंगे।
- मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 15 सितंबर को सुब्रहमण्यम की नियुक्ति को मंजूरी दी थी।
- 1987 बैच के छतीसगढ़ कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी, सुब्रहमण्यम वर्तमान में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग में सचिव हैं।

10. केंद्र सरकार द्वारा संचालित CSC ई-गवर्नेंस इंडिया एसपीवी का प्रबंध निदेशक किन्हें चुना गया _______**संजय कुमार राकेश।**

**नोट:**

- दिनेश त्यागी के पद से इस्तीफा देने के बाद यह नियुक्ति की गई, जिन्होंने CSC की संख्या को 2014 में 60,000 से बढ़ाकर वर्तमान में 5 लाख से अधिक तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

11. MENA क्षेत्र में एक निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता बुर्जील होल्डिंग्स ने किस बॉलीवुड अभिनेता को अपना नया ब्रांड एंबेसडर चुना _______**शाहरुख खान।**

**नोट:**

- कंपनी का स्वामित्व UAE स्थित भारतीय उद्यमी शमशीर वयालिल के पास है।
- अभिनेता समूह के लिए इस क्षेत्र में एक बहुमंचीय विज्ञापन अभियान में दिखाई देंगे, जिसका अनावरण आगामी सप्ताहों में किया जाएगा।

12. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 20 सितंबर से 3 वर्ष के कार्यकाल के लिए यस बैंक के गैर-कार्यकारी (अंशकालिक) अध्यक्ष पद पर किसकी नियुक्ति को अपनी मंजूरी दी ___________ **राम सुब्रमण्यम गांधी।**

**नोट:**

- वह वर्तमान में वित्तीय क्षेत्र के नीति विशेषज्ञ तथा सलाहकार हैं।
- उन्होंने 2014 से 2017 तक (तीन वर्ष) RBI के डिप्टी गवर्नर के रूप में कार्य किया।
- उन्होंने इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलॉजी (IDRBT), हैदराबाद में निदेशक के रूप में भी कार्य किया।

13. केटी थॉमस (सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश) और करिया मुंडा (पूर्व डिप्टी स्पीकर) को किसके साथ पीएम केयर्स फंड का ट्रस्टी नियुक्त किया ________ **रतन टाटा (टाटा संस के चेयरमैन)।**

**नोट:**

- ट्रस्ट ने आगे पीएम केयर्स फंड में सलाहकार बोर्ड के गठन के लिए अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों को नामित करने का निर्णय लिया।
- सलाहकार बोर्ड: राजीव महर्षि, सुधा मूर्ति और आनंद शाह (पीरामल फाउंडेशन के पूर्व CEO)।

14. भारतीय रिजर्व बैंक ने 21 दिसंबर, 2022 से तीन वर्ष की अवधि के लिए किन्हें ESAF स्मॉल फाइनेंस बैंक का अध्यक्ष पुनर्नियुक्त करने की मंजूरी दी _________ **पी.आर. रवि मोहन।**

**नोट:**

- वह इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स के प्रमाणित सहयोगी हैं।
- इससे पहले, वह भारतीय रिजर्व बैंक के बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग में मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे।
- वे IMF, AFRITAC साउथ, मॉरीशस के वित्तीय क्षेत्र पर्यवेक्षण में एक आवासी सलाहकार थे।

15. भारतीय ओलंपिक संघ के संविधान में संशोधन के लिए समिति का प्रमुख किन्हें नियुक्त किया गया _________ **न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव।**

**नोट:**

- उत्तरदायित्व: संविधान में संशोधन तथा 15 दिसंबर, 2022 तक चुनाव कराने के लिए दिशानिर्देश तैयार करना।
- पृष्ठभूमि: IOC ने IOA को अपनी शासन संबंधी समस्याएं हल करने और दिसंबर तक चुनाव कराने के लिए अंतिम चेतावनी जारी की थी।
- प्रभाव: यदि ऐसा करने में विफल रहे, तो विश्व खेल संस्था भारत पर प्रतिबंध लगा देगी।

16. किस बीमा कंपनी ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और उनकी पत्नी रितिका सजदेह को दो वर्ष के लिए अपना नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया __________ **मैक्स लाइफ इंश्योरेंस।**

Join Our Classroom Program Now

**नोट:**

- मैक्स लाइफ इंश्योरेंस का मूल संदेश उभरती चुनौतियों के लिए मानसिक, शारीरिक तथा आर्थिक रूप से तैयार रहना है।
- उद्देश्य: स्वयं तथा अपने परिवार की सुरक्षा हेतु सही वित्तीय मूल्य निर्धारित करने के लिए मैक्स लाइफ ब्रांड के 'स्वयं' को महत्व देने के लोकाचार को बढ़ावा देना।

**17.** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) ने 8 जनवरी, 2023 से पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में किसकी पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दी ________ **दिलीप अस्बे।**

**नोट:**

- उन्होंने जनवरी 2018 में NPCI के MD एवं CEO का पदभार संभाला।
- इससे पहले, वह 5 वर्ष तक NPCI के मुख्य परिचालन अधिकारी थे।
- NPCI की स्थापना 2008 में हुई थी।
- यह एकछत्र संगठन है जो देश की खुदरा भुगतान एवं निपटान प्रणाली का संचालन करता है।

**18.** सर्वसम्मति से हॉकी इंडिया (HI) का अध्यक्ष किन्हें चुना गया _______ **दिलीप टिर्की।**

**नोट:**

- वह 1998 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य थे।
- उन्होंने अपने 15 वर्ष से अधिक के करियर में डिफेंडर रहते हुए रिकॉर्ड 412 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले।
- उन्होंने 1996 में अटलांटा, 2000 में सिडनी और 2004 में एथेंस में ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- भोला नाथ सिंह महासचिव चुने गए।

**19.** रेलटेल का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक किन्हें नियुक्त किया गया _________ **संजय कुमार।**

**नोट:**

- वह अभी तक कंपनी में नेटवर्किंग, नियोजन एवं विपणन निदेशक के रूप में कार्यरत थे।
- वह इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ सिग्नल इंजीनियर्स (IRSSE1) के अधिकारी हैं।
- केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम रेलटेल एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" है, जो एक सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) प्रदाता है।
- 30 जून 2022 तक, कंपनी में भारत सरकार की 72.84% हिस्सेदारी थी।

**20.** केंद्र सरकार ने तीन वर्ष के लिए भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) का महानिदेशक तथा स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (DHR) का सचिव किन्हें नियुक्त किया _________ **डॉ. राजीव बहल।**

**नोट:**

- वर्तमान में, वह WHO, जिनेवा में मातृ, नवजात शिशु एवं किशोर स्वास्थ्य पर शोध तथा नवजात इकाई के प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं।
- उन्होंने डॉ. बलराम भार्गव की जगह ली, जिनका कार्यकाल जुलाई 2022 में समाप्त हो गया है।

Join Our Classroom Program Now

21. मारियो द्राघी को भारी अंतर से हराकर इटली की पहली महिला प्रधान मंत्री कौन बनीं ________ **जियोर्जिया मेलोनी।**

**नोट:**

- वह 15 वर्ष की आयु में 1992 में राजनीति में शामिल हुईं और नव-फासीवादी सामाजिक आंदोलन में शामिल हुईं।
- उन्होंने 2012 में ब्रदर्स ऑफ़ इटली की स्थापना से पहले बर्लुस्कोनी की 2008-2011 सरकार में एक युवा मंत्री के रूप में भी काम किया है।
- तीन प्रमुख राजनीतिक नेताओं मेलोनी, ला रसा और क्रोसेटो ने 2012 में एक नए राजनीतिक आंदोलन ब्रदर्स ऑफ इटली की स्थापना की।

22. रिपब्लिक ऑफ मेडागास्कर में भारत का अगला राजदूत किन्हें नियुक्त किया गया ________ **बंडारू विल्सनबाबू।**

**नोट:**

- वह वर्तमान में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं।
- वह राजदूत अभय कुमार की जगह लेंगे।
- उन्होंने यूरेशिया डिवीजन में संयुक्त सचिव के रूप में भी कार्य किया है।

23. किंग सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ द्वारा सऊदी अरब का प्रधान मंत्री किन्हें नियुक्त किया गया ________ **क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान।**

**नोट:**

- वह पहले से ही सऊदी अरब के वास्तविक शासक हैं।
- इससे पहले, उन्होंने उप प्रधान मंत्री के साथ-साथ रक्षा मंत्री के रूप में भी काम किया है।
- उनके छोटे भाई, खालिद बिन सलमान ने रक्षा मंत्री के रूप में उनकी जगह ली, जो उप रक्षा मंत्री थे।

24. तमिलनाडु कैडर, 1992-बैच के IAS अधिकारी, राजेंद्र कुमार को किस संगठन का महानिदेशक नियुक्त किया गया ________**ESIC।**

**नोट:**

- वह वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में एक अतिरिक्त सचिव हैं।
- टी. नटराजन को आर्थिक मामलों के विभाग में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है।
- वी हेकाली झिमोमी को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है।

25. सरकार ने किन्हें भारत का दूसरा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) नियुक्त किया ________ **लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान (सेवानिवृत्त)।**

**नोट:**

- वह मई 2021 में पूर्वी सेना कमांडर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सैन्य सलाहकार के रूप में कार्यरत थे।
- उन्हें 1981 में भारतीय सेना की 11 गोरखा राइफल्स में कमीशन दिया गया था।

Join Our Classroom Program Now

- वह NDA (खड़कवासला) और भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून के पूर्व छात्र हैं।
- उन्होंने अंगोला में संयुक्त राष्ट्र मिशन के रूप में भी कार्य किया है।

**26.** 1 अक्टूबर 2022 से तीन वर्ष की अवधि के लिए भारत का 14वां महान्यायवादी किन्हें नामित किया गया ________ **आर. वेंकटरमणि।**

**नोट:**

- वह वर्तमान अटॉर्नी जनरल, के.के. वेणुगोपाल की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल 30 सितंबर, 2022 को समाप्त हो रहा है।
- वह 1977 में तमिलनाडु बार काउंसिल में एक वकील के रूप में पंजीकृत हुए।
- 1997 में, SC ने उन्हें वरिष्ठ अधिवक्ता अभिहित किया।

**27.** भारतीय डेटा सुरक्षा परिषद (DSCI) ने संगठन का नया CEO किन्हें नियुक्त किया ________ **विनायक गोडसे।**

**नोट:**

- इससे पहले, वह संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।
- वह राम वेदश्री की जगह लेंगे, जिन्होंने लगभग छह वर्षों तक DSCI में काम किया।
- वेदश्री ने न्यायमूर्ति बी.एन. श्रीकृष्ण समिति में भी काम किया, जिसे देश के व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक के लिए एक मॉडल विकसित करने का उत्तरदायित्व सौंपा गया था।

**28.** ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने 26 सितंबर, 2022 से प्रभावी कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में किसे नियुक्त किया __________ **रजनीत कोहली।**

**नोट:**

- उन्हें एशियन पेंट्स और कोका-कोला एवं ब्रिटानिया में 25 वर्ष का लंबा अनुभव है।
- वह खाद्य सेवा कंपनी जुबिलेंट फूडवर्क्स से ब्रिटानिया में शामिल हुए।
- उनके नेतृत्व में, जुबिलेंट फूडवर्क्स ने निरंतर लाभदायक वृद्धि हासिल की है और सबसे बड़ी QSR श्रृंखला के रूप में उभरी है।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

**1.** किस राज्य विधानसभा ने वानिकी विश्वविद्यालय (UOF) अधिनियम 2022 को मंजूरी दी ________**तेलंगाना।**

**नोट:**

- वानिकी विश्वविद्यालय (UOF) देश में अपनी तरह का पहला विश्वविद्यालय होगा।
- केवल रूस तथा चीन में वानिकी विश्वविद्यालय होने के चलते, यह विश्व का तीसरा वानिकी विश्वविद्यालय होगा।
- तेलंगाना सरकार ने हैदराबाद में वन कॉलेज एवं अनुसंधान संस्थान (FCRI) को एक पूर्ण विश्वविद्यालय में विस्तारित करने का निर्णय लिया है।

**2.** किस मंत्रालय ने हाल ही में प्रबंधन प्रभाविता मूल्यांकन (MEE-ZOO) रिपोर्ट 2022 जारी की ________**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय।**

Join Our Classroom Program Now

**नोट:**

- रिपोर्ट पूरे भारत के चिड़ियाघरों के सर्वेक्षण पर बनाई गई थी।
- भारत में 147 मान्यता प्राप्त चिड़ियाघर हैं {बड़े (17), मध्यम (23), छोटे (33), मिनी-चिड़ियाघर (60) और बचाव केंद्र (14)}।
- विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष प्रदर्शनकारी चिड़ियाघर:
- बड़ा: वंडालूर चिड़ियाघर, तमिलनाडु
- मध्यम: पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क, पश्चिम बंगाल
- योजना अवयव: वंडालूर चिड़ियाघर

3. NCPCR ने ऑनलाइन पोर्टल ई-बाल निदान को एक नया रूप दिया। NCPCR का पूरा नाम है ______**राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (National Commission for Protection of Child Rights)।**

**नोट:**

- उद्देश्य: बाल अधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ शिकायतों का समयबद्ध निवारण।
- विशेषता: इसमें शिकायत की प्रकृति के आधार पर उन्हें उनके केंद्रित विषय जैसे किशोर न्याय, POCSO, श्रम तथा शिक्षा में विभाजित किया जाता है।
- शिकायतों के निपटान के दौरान यह शिकायतकर्ताओं के साथ-साथ आयोग के लिए भी लाभप्रद होगा।

4. नारिकोरावन और कुरीविक्कारन समुदाय किस राज्य से संबंधित हैं ______**तमिलनाडु।**

**नोट:**

- मंत्रिमंडल ने छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में कई जनजातीय समुदायों को ST वर्ग के तहत अधिसूचित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।
- कर्नाटक के कडुकुरुबा के पर्याय के रूप में बेट्टा-कुरुबा समुदाय
- उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में पांच उपजातियों के साथ गोंड
- हिमाचल के सिरमौर क्षेत्र में रहने वाला हट्टी समुदाय
- छत्तीसगढ़ का बृज्जिया समुदाय और 11 अन्य जनजातियां

5. विज्ञान भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रीय रसद नीति किसने शुरू की ______**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।**

**नोट:**

- नीति अंतिम स्थान तक त्वरित वितरण सुनिश्चित करती है, परिवहन संबंधी चुनौतियों को समाप्त करती है, निर्माताओं के समय तथा धन की बचत करती है, कृषि उत्पादों के अपव्यय को रोकती है।
- प्रधानमंत्री ने यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (ULIP) भी लॉन्च किया जो परिवहन क्षेत्र की सभी डिजिटल सेवाओं को एक पोर्टल में लाएगा।
- इसके अंतर्गत ईज़ ऑफ लॉजिस्टिक्स सर्विसेज- ई-लॉग्स भी शुरू की गई है।

6. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नामीबिया से लाए गए कितने वन्य चीतों को मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा ________**आठ।**

Join Our Classroom Program Now

**नोट:**

- चीता को 1952 में भारत से विलुप्त घोषित कर दिया गया था।
- चीतों को भारत में प्रोजेक्ट चीता के अंतर्गत लाया गया है, जो बड़े मांसाहारी वन्यजीव के अंतर-महाद्वीपीय स्थानांतरण का दुनिया का पहला प्रोजेक्ट है।
- आठ चीतों में से 5 मादा तथा 3 नर चीते हैं।

**7.** कौन-सा संगठन 'फसल सुधार के लिए तीव्र अभिजनन' को बढ़ावा देने हेतु `KRITAGYA' नामक हैकथॉन 3.0 आयोजित कर रहा है ________**भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR)।**

**नोट:**

- यह विद्यार्थियों तथा अन्य लोगों को फसल सुधार के लिए नवाचार प्रोत्साहन हेतु अभिनव दृष्टिकोण और प्रौद्योगिकी समाधान प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगा।
- इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण 26 सितंबर 2022 तक शुरू है।

**8.** 60 स्टार्ट-अप को 'INSPIRE' पुरस्कार और 53,000 से अधिक विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता किसने प्रदान की ________**केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री, जितेंद्र सिंह।**

**नोट:**

- यह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा स्थापित किया गया है और इन नवप्रवर्तकों को उद्यमिता के सफर में पूर्ण उद्भवन सहायता प्रदान की जाएगी।
- वार्षिक INSPIRE पुरस्कार- MANAK (मिलियन माइंड्स ऑगमेंटिंग नेशनल एस्पिरेशन एंड नॉलेज) प्रतियोगिता ने सभी राज्यों से अभूतपूर्व 6.53 लाख विचार तथा नवाचार आकर्षित किए हैं।

**9.** विश्लेषण कंपनी चैनालिसिस के अनुसार, 2022 ग्लोबल क्रिप्टो एडॉप्शन इंडेक्स में भारत का स्थान _______**चौथा।**

**नोट:**

- सूचकांक में लगातार दूसरे वर्ष वियतनाम शीर्ष पर है, जो क्रिप्टोकरेंसी को अपनाने के लिए सर्वाधिक उत्सुक देश के रूप में उभर रहा है।
- उद्देश्य: क्रिप्टोकरेंसी अपनाने वाले या डिजिटल संपत्ति में निवेश करने वाले देशों पर नजर रखना।
- भारत ने क्रिप्टोकरेंसी को वर्चुअल डिजिटल एसेट्स (VDA) के रूप में वर्गीकृत किया है और क्रिप्टो से अर्जित लाभ 30% कर सीमा के अंतर्गत आता है।

**10.** कौन-सा देश तीन महीने के अंतराल के बाद भारत के लिए दूसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बना _________**सऊदी अरब।**

**नोट:**

- अगस्त 2022 में, सऊदी अरब ने रूस को मामूली अंतर से पीछे छोड़ा, जबकि इराक ने शीर्ष स्थान कायम रखा।

Join Our Classroom Program Now

- भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक एवं उपभोक्ता है, जिसे सऊदी अरब से 863,950 बैरल प्रति दिन (bpd) कच्चे तेल की आपूर्ति की जाती है (पिछले महीने से 4.8% अधिक)।
- UAE चौथे स्थान पर है, जबकि कजाकिस्तान कुवैत को पीछे छोड़कर भारत का पांचवां तेल आपूर्तिकर्ता बन गया है, इसके बाद अमेरिका का स्थान है।

**11.** महिलाओं, बच्चों तथा वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ जघन्य अपराधों के मामलों में फास्ट-ट्रैक कोर्ट में लंबित 13.81 लाख मुकदमे में से 70% से अधिक मुकदमे किस राज्य से हैं ______**उत्तर प्रदेश।**

**नोट:**

- उत्तर प्रदेश की फास्ट-ट्रैक अदालतों में 9.33 लाख से अधिक मामले लंबित हैं, इसके बाद महाराष्ट्र में 1.4 लाख से अधिक मामले, तमिलनाडु में 1.06 लाख मामले, पश्चिम बंगाल में 71,260 मामले और तेलंगाना में 12,538 मामले लंबित हैं।
- 28 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के FTSC में 3,28,556 मामले लंबित हैं।

**12.** जल शक्ति मंत्री, गजेंद्र सिंह शेखावत ने किस राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश को भारत का पहला स्वच्छ सुजल प्रदेश घोषित किया _____**अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह।**

**नोट:**

- उन्होंने अंडमान एवं निकोबार के उप-राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी को प्रमाण पत्र सौंपा।
- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के सभी गांवों को हरघर जल के रूप में प्रमाणित किया गया है और खुले में शौच मुक्त (ODF प्लस) के रूप में सत्यापित किया गया है।
- विश्व जल दिवस (22 मार्च 2021) पर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह ने ग्रामीण घरों में नल से जल कनेक्शन के साथ 100% कवरेज हासिल करने की घोषणा की थी।

**13.** केंद्रीय शिक्षा तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान ने किस कक्षा के विद्यार्थियों के लिए रामकृष्ण मिशन के 'जागृति' (Awakening) कार्यक्रम की शुरुआत की _____**कक्षा एक से पांच तक।**

**नोट:**

- NEP 2020 स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों से प्रेरित है।
- रामकृष्ण मिशन की व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करने की विरासत है।
- NEP 2020 ने कक्षा 1 से आठ के लिए कार्यक्रम बनाने के अलावा 9वीं तथा 12वीं के लिए मूल्य-आधारित शैक्षणिक कार्यक्रम बनाने पर जोर दिया है।

**14.** भारत में खेलों के विकास के लिए किस संगठन ने राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (NTPC) और ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (REC) के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए _____**राष्ट्रीय खेल विकास कोष (NSDF)।**

**नोट:**

- NTPC और REC को खेलों के विकास के लिए 215 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।
- NTPC: तीरंदाजी (5 वर्ष) के लिए 115 करोड़ रुपये की राशि का योगदान किया।

Join Our Classroom Program Now

- REC: महिला हॉकी, एथलेटिक्स तथा मुक्केबाजी (3 वर्ष) का समर्थन करने के लिए 100 करोड़ रुपये की राशि की प्रतिबद्धता जताई।

**15.** भारत सरकार ने अपनी अध्यक्षता के दौरान किस बैठक में भाग लेने के लिए बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन और UAE को अतिथि देशों के रूप में आमंत्रित करने का निर्णय लिया _______**G20।**

**नोट:**

- अंतर्राष्ट्रीय संगठन: UN, IMF, विश्व बैंक, WHO, WTO, ILO, FSB और OECD और AU, AUDA-NEPAD और ASEAN, ISA, CDRI और ADB।
- G20 की बैठकों और शिखर सम्मेलन में कुछ अतिथि देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों (IO) को आमंत्रित करना G20 की परंपरा का एक भाग है।

**16.** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 15 सितंबर से किस देश की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए_______**समरकंद, उज्बेकिस्तान।**

**नोट:**

- श्री मोदी को उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शवकत मिर्जियोयेव से आमंत्रण प्राप्त हुआ।
- एजेंडा: पिछले दो दशकों में समूह की गतिविधियों की समीक्षा करना और बहुपक्षीय सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करना।
- SCO जून 2001 में शंघाई में स्थापित एक अंतर-सरकारी संगठन है।

**17.** ग्लोबल क्लीन एनर्जी एक्शन फोरम में संयुक्त भारतीय मंत्रिस्तरीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कौन करेगा ______**केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह।**

**नोट:**

- क्लीन एनर्जी मिनिस्टीरियल (CEM13) और मिशन इनोवेशन MI-7 का प्रतिष्ठित संयुक्त आयोजन 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका के पेंसिल्वेनिया के पिट्सबर्ग में होगा।
- उद्देश्य: स्वच्छ ऊर्जा नवाचार एवं नियोजन में तेजी लाने के लिए दुनिया भर के हजारों स्वच्छ ऊर्जा नेताओं को एक साथ लाना।

**18.** कौन-सा समूह BSE पर 22 लाख करोड़ रुपये से अधिक के कुल बाजार पूंजीकरण के साथ टाटा के नेतृत्व वाले समूह को पछाड़ कर भारत में सर्वाधिक मूल्यवान समूह बन गया______**अडाणी ग्रुप।**

**नोट:**

- वित्त वर्ष 2022 में टाटा समूह की सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त समेकित राजस्व तथा निवल लाभ क्रमशः 8.6 लाख करोड़ रुपये और 74,523 करोड़ रुपये था।
- मुकेश अंबानी का नौ कंपनियों का समूह 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बाजार पूंजीकरण के साथ सूची में तीसरे स्थान पर रहा।

**19.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नई दिल्ली में जयंत बरुआ ने हेमकोश शब्दकोश के ब्रेल संस्करण की एक प्रति प्रदान की, जो मूल रूप से किस भाषा में लिखी गई थी________ **असमिया।**

**नोट:**

BYJU'S EXAM PREP

- 'हेमकोश' के ब्रेल संस्करण की अवधारणा तथा प्रकाशन असमिया प्रतिदिन के संपादक जयंत बरुआ ने किया है।
- हेमकोश असमिया में दक्षिण-पूर्व एशिया का पहला ब्रेल शब्दकोश है।
- यह पहला असमिया शब्दकोश भी था जिसे 19वीं शताब्दी में हेमचंद्र बरुआ द्वारा संपादित किया गया था।
- 'हेमकोश' के इस संस्करण में लगभग 10,000 पृष्ठ हैं।

**20.** सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण और किस मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए एक संयुक्त कन्वर्जेंस पोर्टल लॉन्च किया __________ **कृषि।**

**नोट:**

- योजनाओं में शामिल: कृषि अवसंरचना कोष (AIF), प्रधानमंत्री फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग इंटरप्राइजेज (PMFME) योजना और प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (PMKSY)।
- पोर्टल को केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी की उपस्थिति में लॉन्च किया गया।

**21.** गुवाहाटी में श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र में लोकमंथन कार्यक्रम के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किसने किया _________ **उप-राष्ट्रपति, जगदीप धनखड़।**

**नोट:**

- वर्ष 2022 के द्विवार्षिक कार्यक्रम का विषय 'लोकपरंपरा' है।
- केरल के राज्यपाल, आरिफ मुहम्मद खान समापन सत्र (24 सितंबर) में मुख्य अतिथि होंगे।
- लोकमंथन: यह एक ऐसा अवसर है जहां देश के विभिन्न हिस्सों से कलाकार, बुद्धिजीवी और शिक्षाविद आते हैं और समाज को परेशान करने वाले सवालों पर मंथन करते हैं।

**22.** भारत अक्टूबर 2022 में इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल तथा बैटरी पर चलने वाला अपना पहला फ्लेक्स-फ्यूल व्हीकल किस देश से प्राप्त करेगा ________ **ब्राजील।**

**नोट:**

- फ्लेक्स फ्यूल स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (FFV-SHEV) प्रायोगिक तौर पर उपयोग करने के लिए ब्राजील से आयात किया जाएगा।
- उद्देश्य: निम्न कार्बन उत्सर्जन के संदर्भ में इसके प्रदर्शन का आकलन करना।
- सड़क परिवहन मंत्रालय ने FFV और FFV-SHEV के संबंध में दिशानिर्देशों को अधिसूचित किया है।
- ऑटोमोबाइल विनिर्माताओं को सलाह दी गई है कि वे BS- 6 मानकों का अनुपालन करने वाले वाहनों का निर्माण करें।

**23.** किस मंत्रालय ने स्वच्छ अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में स्वच्छ टॉयकैथॉन लॉन्च किया________ **आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA)।**

**नोट:**

- यह सूखे कचरे से खिलौने बनाने की एक अनूठी प्रतियोगिता है।
- उद्देश्य: खिलौनों के निर्माण में सूखे कचरे के उपयोग के लिए नवीन समाधान खोजना।

Join Our Classroom Program Now

BYJU'S EXAM PREP

- इस पहल का नॉलेज पार्टनर सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग, IIT गांधीनगर है और प्रतियोगिता MyGov पोर्टल पर आयोजित की जाएगी।

24. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) की एकीकृत क्रायोजेनिक इंजन निर्माण इकाई का उद्घाटन किस शहर में किया ________ **बेंगलुरु।**

**नोट:**

- इसरो द्वारा अपने उपग्रह प्रक्षेपण कार्यों के लिए क्रायोजेनिक इंजन का उपयोग किया जाता है।
- राष्ट्रपति ने HAL में वर्चुअली दक्षिण क्षेत्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान की आधारशिला भी रखी।
- उन्होंने सेंट जोसेफ विश्वविद्यालय का भी उद्घाटन किया और वह राज्य सरकार द्वारा उनके सम्मान में आयोजित एक नागरिक स्वागत समारोह में भी शामिल हुईं।

25. LAHDC के CEC, फिरोज अहमद खान ने लद्दाख के किस जिले में स्थित इंडोर स्टेडियम में पहले मेगा किसान मेले का उद्घाटन किया _________ **कारगिल।**

**नोट:**

- यह कार्यक्रम शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (SKUAST) कश्मीर द्वारा आयोजित किया गया था।
- केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख एवं जम्मू-कश्मीर के कई प्रगतिशील किसानों, केवीके केंद्र और अनुसंधान केंद्र द्वारा स्टालों की स्थापना की गई।
- उद्देश्य: विशेषज्ञ किसानों को नवीनतम तकनीकों और संतृप्त कृषि के लिए उच्च उपज देने वाली किस्मों के उपयोग के बारे में शिक्षित करेंगे।

26. किस मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के एक भाग के रूप में तैयार की गई शहर कार्य योजनाओं को लागू करने के लिए स्वच्छ वायु सर्वेक्षण शुरू किया _________ **पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय।**

**नोट:**

- उद्देश्य: 2025-26 तक वायु प्रदूषण को 40% तक कम करना।
- इस सर्वेक्षण में 131 शहरों को जनसंख्या के आधार पर तीन समूहों में वर्गीकृत किया गया है।
- पहला समूह: 10 लाख से अधिक जनसंख्या (47 शहर)
- दूसरा समूह: 3 से 10 लाख के बीच जनसंख्या (44 शहर)
- तीसरा समूह: 3 लाख से कम जनसंख्या (40 शहर)

27. प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या से निपटने और पुनीत सागर अभियान तथा टाइड टर्नर्स प्लास्टिक चैलेंज प्रोग्राम के माध्यम से स्वच्छ जल निकायों के सार्वभौमिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किस भारतीय बल ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए _________ **नेशनल कैडेट कॉर्प्स (NCC)।**

**नोट:**

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में MoU पर हस्ताक्षर किए गए।
- पुनीत सागर अभियान, 1 दिसंबर 2021 को NCC द्वारा शुरू किया गया था।

Join Our Classroom Program Now

**28.** किस भारतीय तेल कंपनी ने अपने कच्चे तेल की स्रोत में विविधता लाने के लिए पेट्रोब्रास के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए हैं________**भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड।**

**नोट:**

- ब्राजील में अरुण कुमार सिंह (BPCL अध्यक्ष) और कैओपेस डी एंड्रेड (पेट्रोब्रास CEO) द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- उद्देश्य: दोनों कंपनियों के बीच भविष्य में कच्चे तेल के व्यापार संबंधों को मजबूत करना और BPCL द्वारा संभावित कच्चे तेल के आयात के अवसरों का पता लगाना।
- पेट्रोब्रास तेल, प्राकृतिक गैस और ऊर्जा उद्योग में एक एकीकृत और विशिष्ट तरीके से काम करती है।

**29.** सरकार ने किस वित्तीय वर्ष के लिए पूंजीगत निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना शुरू की _________ **वर्ष 2022-23।**

**नोट:**

- उद्देश्य: पूंजीगत निवेश परियोजनाओं के लिए 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण के रूप में राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करना।
- योजना के भाग-V के अंतर्गत, 3000 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं और OFC नेटवर्क पर पूंजीगत परियोजनाओं हेतु राज्यों के लिए उपलब्ध होंगे।
- व्यय विभाग ने उत्तराखंड, झारखंड, हरियाणा तथा कर्नाटक के लिए क्रमश: 50 करोड़, 84 करोड़, 65 करोड़ और 156 करोड़ की मंजूरी दी है।

**30.** भारत सरकार द्वारा लॉन्च किया गया भारतीय सांकेतिक भाषा (ISL) शब्दकोश मोबाइल एप्लिकेशन _________ **साइन लर्न।**

**नोट:**

- इसमें 10,000 शब्द हैं।
- ऐप सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक ने लॉन्च किया।
- यह मोबाइल ऐप भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (ISLRTC) के भारतीय सांकेतिक भाषा शब्दकोश पर आधारित है।
- ISL शब्दकोश के सभी शब्दों को हिंदी या अंग्रेजी माध्यम से खोजा जा सकता है।

**31.** आयुष्मान भारत प्रधान मंत्री - जन आरोग्य योजना के कार्यान्वयन के चार वर्ष तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आरोग्य मंथन 2022 का उद्घाटन किसने किया__________ **स्वास्थ्य मंत्री, डॉ. मनसुख मंडाविया।**

**नोट:**

- योजना कमजोर परिवारों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है।
- मंत्री ने हेल्थ क्लेम एक्सचेंज (HCX), राष्ट्रीय ई-रूपी पोर्टल और डिजिटलीकरण के दिशानिर्देश सहित अनेक नई पहल लॉन्च की हैं।

**32.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 सितंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किस राज्य में पर्यावरण मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया ________ **गुजरात।**

Join Our Classroom Program Now

**नोट:**

- एजेंडा: बेहतर नीतियां बनाने में केंद्र तथा राज्य सरकार के बीच तालमेल बनाना।
- दो दिवसीय सम्मेलन में छह विषयगत सत्र होंगे: (1) LiFE, (2) जलवायु परिवर्तन का मुकाबला, (3) PARIVESH, (4) वानिकी प्रबंधन, (5) प्रदूषण की रोकथाम तथा नियंत्रण, (6) वन्यजीव प्रबंधन और प्लास्टिक एवं अपशिष्ट प्रबंधन।

33. UNGA के 77वें सत्र के दौरान विदेश मंत्रियों की G-4 बैठक की मेजबानी किसने की ________ **विदेश मंत्री, डॉ. एस. जयशंकर।**

**नोट:**

- शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्रियों- कार्लोस फ़्रैंका (ब्राज़ील); योशिमासा हयाशी (जापानी); एनालेना बेरबॉक (जर्मन) ने भाग लिया।
- वह 18-28 सितंबर 2022 तक अमेरिका की यात्रा पर हैं।
- उन्होंने UNGA के 77वें सत्र में उच्च स्तरीय सप्ताह के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।
- 77वीं UNGA का विषय: Watershed Moment: Transformative Solutions to Interlocking Challenges

34. आयुष मंत्री, सर्बानंद सोनोवाल ने NIMHANS में चेतना पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किस शहर में किया _________ **बेंगलुरु।**

**नोट:**

- विषय 2022: Exploring Consciousness- From Non- Locality to Non- Duality: The Man- Machine Debate
- सम्मेलन का आयोजन इंडिया फाउंडेशन तथा NIMHANS द्वारा किया गया था और यह आयुष मंत्रालय द्वारा समर्थित था।
- उन्होंने आयुर्स्वास्थ्य योजना के एक भाग के रूप में NIMHANS, बेंगलुरु में एकीकृत चिकित्सा विभाग में उत्कृष्टता केंद्र परियोजना का भी उद्घाटन किया।

35. पूर्वोत्तर भारत में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए वर्चुअल कॉन्फ्रेंस 'SymphoNE' किसने लॉन्च की _________ **केंद्रीय मंत्री, जी. किशन रेड्डी।**

**नोट:**

- SymphoNE पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास सम्मेलन पर एक संवाद श्रृंखला की शुरुआत है जिसमें नीतिगत विचारकों, हितधारकों तथा प्रभावशाली व्यक्तियों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है।
- पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा विश्व पर्यटन दिवस (27 सितंबर) के अवसर पर 24 - 27 सितंबर 2022 को वर्चुअल सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

36. राष्ट्र के स्वामित्व वाला कौन-सा तेल संगठन AVGAS 100 LL का उत्पादन तथा विपणन करने वाली पहली तेल विपणन कंपनी (OMC) बन गई_________ **इंडियन ऑयल।**

**नोट:**

Join Our Classroom Program Now

- इंडियन ऑयल द्वारा हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित एक कार्यक्रम में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने AVGAS 100 LL लॉन्च किया।
- AVGAS 100 LL: यह पिस्टन इंजन वाले विमानों और मानव रहित वायुयानों के लिए निर्मित एक विशेष विमानन ईंधन है।
- वर्तमान में भारत यूरोपीय देशों से AVGAS 100 LL का आयात कर रहा है।

**37.** केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पुनर्विकास के लिए अनुमोदित भारतीय रेलवे के तीन स्टेशन ________**नई दिल्ली, अहमदाबाद और मुंबई CSMT।**

**नोट:**

- इस पुनर्विकास परियोजना में लगभग 10,000 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।
- पुनर्विकास परियोजना में शामिल हैं:
- CCTV और एक्सेस कंट्रोल लगाना।
- सभी यात्री सुविधाओं (खुदरा, कैफेटेरिया, मनोरंजन सुविधाओं के लिए स्थान) के साथ विशाल रूफ प्लाजा।
- दिव्यांगों के अनुकूल सुविधाएं, आदि।

**38.** त्रैमासिक रोजगार सर्वेक्षण (जनवरी से मार्च 2022) के चौथे दौर की रिपोर्ट किसने जारी की _______ **भूपेंद्र यादव।**

**नोट:**

- यह दर्शाता है कि पिछले चार तिमाही सर्वेक्षण में समग्र रोजगार में वृद्धि हुई है।
- अनुमानित रोजगार तीसरी तिमाही के 3.14 करोड़ से बढ़कर चौथी तिमाही में 3.18 करोड़ हो गया है।
- यह संगठित तथा असंगठित दोनों क्षेत्रों में रोजगार तथा प्रतिष्ठानों के संबंधित परिवर्त्य के बारे में त्रैमासिक अनुमान प्रदान करता है।

**39.** किस जापानी फर्म ने महाराष्ट्र में जलगांव विनिर्माण संयंत्र में भारत का पहला सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया _________ **हिताची एस्टेमो।**

**नोट:**

- हिताची अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने और 2050 तक कार्बन तटस्थ बनने के लिए काम कर रही है।
- 3 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के साथ, कंपनी हर वर्ष लगभग 4000 टन $CO_2$ उत्सर्जन को समाप्त कर पाएगी।
- अपने जलगांव संयंत्र में, हिताची एस्टेमो वाहनों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले ब्रेक सिस्टम बनाने का काम करेगी।

**40.** जलदूत ऐप (JALDOOT) और ई-ब्रोशर किसने लॉन्च किया ________ **फग्गन सिंह कुलस्ते।**

**नोट:**

- विकासक: ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्रालय।

Join Our Classroom Program Now

- उपयोग: एक गांव में चयनित 2-3 कुओं के जल स्तर पर नजर रखना।
- खुले कुओं में जल स्तर की शारीरिक निगरानी वर्ष में दो बार की जाएगी (उसी कुएं का मानसून से पूर्व और मानसून के बाद का स्तर)।
- नियुक्त अधिकारी जल स्तर को मापेंगे और जियो-टैग युक्त तस्वीरें अपलोड करेंगे।

**41.** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने किस राज्य में ग्रासरूट फुटबॉल डेवलपमेंट (GFD) योजना शुरू की _________ **अरुणाचल प्रदेश।**

**नोट:**

- उद्देश्य: 6 से 12 वर्ष के आयु वर्ग में फुटबॉल प्रतिभाओं पर नजर रखना, चयन करना और उन्हें प्रशिक्षण देना।
- GFD समिति के अध्यक्ष शांतनु पुजारी ने मुख्यमंत्री पेमा खांडू और AIFF अध्यक्ष कल्याण चौबे की उपस्थिति में इस योजना की शुरुआत की।
- राज्य सरकार इस योजना को 100 स्कूलों में शुरू करेगी, और चयनित स्कूलों के शारीरिक प्रशिक्षण शिक्षकों को AIFF विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

**42.** नई दिल्ली में 13वें FICCI ग्लोबल स्किल्स समिट 2022 का उद्घाटन किसने किया _________ **शिक्षा मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान।**

**नोट:**

- विषय 2022: Education to Employability - Making It Happen
- समिट एनईपी लेंस के माध्यम से देखेगी और इस बात पर ध्यान केंद्रित करेगी कि भारत संयुक्त राष्ट्र SDG 4 को एक अंतर्निहित विषय के रूप में "विश्व की कौशल राजधानी" कैसे बन सकता है।
- दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का समापन एक कार्यक्रम "VIRASAT" द हेरिटेज के साथ हुआ जो भारतीय कारीगरों के उत्कृष्ट शिल्प का सम्मान करता है।

**43.** मालदीव सरकार ने मालदीव हनीमाधू इंटरनेशनल एयरपोर्ट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए किस भारतीय संगठन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए _________ **जेएमसी प्रोजेक्ट।**

**नोट:**

- परियोजना का मूल्य लगभग 136.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर है।
- यह पुष्टि की गई थी कि इस परियोजना को भारत के एक्ज़िम बैंक द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा।
- मालदीव सरकार को एक टर्मिनल के अलावा 2.46 किलोमीटर का रनवे बनाने की उम्मीद है जिससे सालाना 1.3 मिलियन यात्री सेवा प्राप्त कर सकते हैं।
- वर्ष 2024 तक निर्माण कार्य पूरी तरह से शुरू होने की उम्मीद है।



Join Our Classroom Program Now

BYJU'S EXAM PREP

1. किस शहर ने पूर्णतया डिजिटल पता प्रणाली लागू की है जो इंदौर को ऐसा करने वाला भारत का पहला शहर बनाता है _______**इंदौर (मप्र)।**

**नोट:**

- इस स्मार्ट सिटी पहल के लिए, पता नेविगेशन्स फर्म के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- पता: इस संगठन ने पेटेंट तकनीक विकसित की है और यह संगठन राष्ट्र के लिए एक डिजिटल पता प्रणाली विकसित करने के लिए इसरो के साथ काम कर रहा है।
- पता ऐप के उपयोगकर्ता अपने पते के साथ पूर्ण विवरण में अपने घरों, ऐतिहासिक स्थलों आदि की तस्वीरें अपलोड कर सकते हैं।

2. किस राज्य ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के मार्ग में आने वाली बाधाओं को कम करने के उद्देश्य से खेल नीति 2022 शुरू की ______**झारखंड।**

**नोट:**

- उद्देश्य: राज्य के सभी खिलाड़ियों के लिए देश का पहला खेल डिजिटल डेटाबेस बनाना, एक खेल विश्वविद्यालय की स्थापना, नौकरियों तथा शैक्षणिक संस्थानों में खिलाड़ियों को आरक्षण।
- खेल नीति पांच वर्ष की अवधि के लिए बनाई गई है।

3. दिल्ली तथा किस राज्य सरकार ने पराली दहन रोकने के लिए कृषि प्रधान राज्य में 5,000 एकड़ भूमि पर पूसा जैव-अपघटक का उपयोग करने के लिए हाथ मिलाया है, जो वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारण है _______**पंजाब।**

**नोट:**

- पूसा जैव-अपघटक एक सूक्ष्मजैविक विलयन है जो धान की पराली को 15 से 20 दिनों में अपघटित कर सकता है।
- 2022 में, पंजाब में धान की खेती के अंतर्गत कुल क्षेत्रफल 29-30 लाख हेक्टेयर आंका गया है।
- राज्य में प्रतिवर्ष औसतन लगभग 20 मिलियन टन धान की पराली उत्पन्न होती है।

4. किस राज्य सरकार ने 'सीएम दा हैसी' (मुख्यमंत्री को सूचित करना) नामक एक वेब पोर्टल लॉन्च किया _______**मणिपुर।**

**नोट:**

- उद्देश्य: आम जनता से शिकायतें प्राप्त करना।
- जनता www.cmdahaisi.mn.gov.in पर लॉग इन करके वेब पोर्टल में अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है।
- इस पोर्टल की मदद से शिकायतकर्ता अपनी शिकायतों की स्थिति भी देख सकते हैं।
- इस पोर्टल का उपयोग मुख्यमंत्री सचिवालय में स्थित लोक शिकायत निवारण एवं भ्रष्टाचार निरोधी प्रकोष्ठ द्वारा किया जाएगा।

5. कौन-सी राज्य सरकार विद्यार्थियों पर बोझ कम करने के लिए स्कूलों में 'नो-बैग डे' नियम और सप्ताह में कम से कम एक बार खेल की अनिवार्य वेला शुरू करेगी ______**बिहार।**

Join Our Classroom Program Now

**नोट:**

- उद्देश्य: विद्यार्थियों को विभिन्न क्रियाकलापों में शामिल करना जो उनकी शिक्षा को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है।
- अधिसूचना के अनुसार साप्ताहिक "नो बैग डे" में कार्य आधारित प्रायोगिक कक्षाएं होंगी।
- सप्ताह में कम से कम एक बार, विद्यार्थी केवल अपने लंच बॉक्स के साथ ही स्कूल आएंगे। उन्हें किताबें ले जाने की आवश्यकता नहीं है।

**6.** किस राज्य सरकार ने तटीय पारिस्थितिकी तंत्र के पुनर्जनन और तट पर रहने वाले लोगों के बीच जलवायु लचीलापन बढ़ाने के लिए 261 करोड़ रुपये की मंजूरी दी ________ **ओडिशा।**

**नोट:**

- सरकार ने इस आजीविका कार्य योजना को चालू वर्ष से 2026-27 तक लागू करने का निर्णय लिया है।
- परियोजना के अंतर्गत मुख्य तटीय परिदृश्यों को उपचारित किया जाएगा और इसमें केंद्रपाड़ा जिले में भितरकनिका, गंजम जिले में बहुदा एवं चिल्का और पुरी जिले में देवी माउथ, चिल्का जैसे क्षेत्र शामिल होंगे।

**7.** किस राज्य सरकार ने अस्पताल के साथ-साथ यात्रा के दौरान शिशुओं को प्राणरक्षी श्वसन सहायता प्रदान करने के लिए 'SAANS' नामक एयर प्रेशर मशीन का उपयोग करने का निर्णय लिया ________ **असम।**

**नोट:**

- 'SAANS' एक नवजात शिशु संबंधी पोर्टेबल कंटीन्यूअस पॉज़िटिव एयर प्रेशर (CPAP) प्रणाली है।
- इसे बंगलौर स्थित स्टार्ट-अप, इनएक्सेल टेक्नोलॉजीज द्वारा विकसित किया गया है।
- मशीन के विकास के लिए, इनएक्सेल टेक्नोलॉजीज ने SAMRIDH हेल्थकेयर ब्लेन्डेड फाइनेंस फैसिलिटी के साथ समझौता किया है।

**8.** किस राज्य सरकार ने 1 अक्टूबर को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना (CMHIS) नामक अपनी स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू की ________ **नागालैंड।**

**नोट:**

- उद्देश्य: राज्य के सभी वास्तविक नागरिकों के लिए चिकित्सालयी देखभाल पर तत्काल-देय खर्च को कम करना।
- यह प्रति परिवार पांच लाख रुपये वार्षिक तक का नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करती है।
- यह राज्य सरकार के कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों तथा राज्य के सभी मूल और/या स्थायी निवासियों को कवर करेगी।

**9.** कौन सी राज्य सरकार एक विशेष अभियान 'हमार बेटी - हमार मान' (हमारी बेटियां, हमारा सम्मान) शुरू करेगी ________ **छत्तीसगढ़।**

**नोट:**

Join Our Classroom Program Now

- उद्देश्य: लड़कियों तथा महिलाओं की रक्षा एवं सुरक्षा और उन्हें आवश्यक सेवाएं प्रदान करना।
- क्रियान्वयनः महिला पुलिस कर्मी सभी जिलों के स्कूलों तथा कॉलेजों में जाएंगी और लड़कियों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में शिक्षित करेंगी।
- सरकार महिलाओं के विरुद्ध दुर्व्यवहार, छेड़छाड़ एवं अन्य अपराधों की शिकायतों के लिए जल्द ही एक हेल्पलाइन नंबर शुरू करेगी।

10. किस राज्य मंत्रिमंडल ने 3 से 6 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा अनुशिक्षक योजना-2022' को अपनी मंजूरी दी _________ **हिमाचल प्रदेश।**

**नोट:**

- उद्देश्य: स्वस्थ विकास एवं वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए बाल्यकाल में उचित देखभाल और मस्तिष्क उद्दीपन प्रदान करना।
- सरकार उन उम्मीदवारों को 9,000 रुपये प्रति माह की राशि का भुगतान करेगी जिन्होंने नर्सरी शिक्षक में एक वर्षीय डिप्लोमा किया है, ताकि वे पाठ्यक्रमों को पूरा करके उन्हें योग्य बना सकें।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. मास्टरकार्ड लाइटहाउस MASSIV ने लोगों पर सार्थक सकारात्मक प्रभाव डालने में निजी क्षेत्र की भूमिका को बढ़ाने के लिए किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन के साथ साझेदारी की _______**संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)।**

**नोट:**

- यह एक बिलियन लोगों को 2025 तक अधिक समृद्ध तथा सुरक्षित जीवन जीने में सहायता हेतु समर्पित एक निःशुल्क स्टार्टअप साझेदारी कार्यक्रम है।
- उद्देश्य: तकनीकी कंपनियों को उनके प्रभाव मापन तथा प्रबंधन में सहायता करना और उन्हें संयुक्त राष्ट्र की व्यापक पहलों से जोड़ना।

2. भारत ने विश्व जल कांग्रेस और प्रदर्शनी 2022 में किस देश के साथ मिलकर 'भारत में शहरी अपशिष्ट जल परिदृश्य' पर एक संयुक्त श्वेतपत्र जारी किया_________**डेनमार्क।**

**नोट:**

- उद्देश्य: भारत में अपशिष्ट जल उपचार की वर्तमान स्थिति तथा भविष्य की उपचार संरचनाओं, सह-निर्माण और सहयोग के लिए संभावित मार्गों को नियंत्रित करना।
- इस कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ डेनमार्क के पर्यावरण मंत्री ली वर्मेलिन शामिल हुए।

3. उज्बेकिस्तान के समरकंद में की गई एक घोषणा में, शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की चक्रीय अध्यक्षता किस देश को सौंपी गई _________**भारत।**

**नोट:**

BYJU'S EXAM PREP

- भारत सितंबर 2023 तक एक वर्ष के लिए SCO की अध्यक्षता करेगा और 2023 में SCO शिखर सम्मेलन की मेजबानी भी करेगा।
- SCO सदस्य देशों के नेताओं ने राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की बैठक में समरकंद घोषणा पर हस्ताक्षर किए।
- देशों के सदस्य ने वैश्विक जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर प्रकाश डाला है।

**4.** भारत किस देश को पछाड़कर श्रीलंका के लिए सबसे बड़ा द्विपक्षीय ऋणदाता बन गया ______**चीन।**

**नोट:**

- भारत ने 2022 के चार महीनों में श्रीलंका को कुल 968 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण प्रदान किया है।
- 2017 से 2021 तक पिछले पांच वर्षों में, चीन श्रीलंका का सबसे बड़ा द्विपक्षीय ऋणदाता रहा है।
- एशियाई विकास बैंक (ADB) पिछले पांच वर्षों में सबसे बड़ा बहुपक्षीय ऋणदाता रहा है और 2021 में 610 मिलियन डॉलर राशि प्रदान की।

**5.** ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस को पछाड़कर दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति कौन बने _______**गौतम अडाणी।**

**नोट:**

- 17 सितंबर 2022 तक, अडाणी की कुल संपत्ति $147 बिलियन है और टेस्ला के संस्थापक एलोन मस्क की कुल संपत्ति $264 बिलियन है।
- इस वर्ष अब तक बेजोस की कुल संपत्ति में $45.5 बिलियन की गिरावट आई है, जबकि अडानी की संपत्ति में $70.3 बिलियन की वृद्धि हुई है।
- अंबानी को सूची में दसवां स्थान ($88.7 बिलियन की संपत्ति) दिया गया है।

**6.** एशिया-पैसफिक इंस्टीट्यूट ऑफ ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट (AIBD) की वर्तमान अध्यक्षता किस देश के पास है_______**भारत।**

**नोट:**

- नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय महासम्मेलन में AIBD सदस्य देशों द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया।
- वर्तमान में प्रसार भारती के CEO और दूरदर्शन के DG मयंक कुमार अग्रवाल AIBD के अध्यक्ष हैं।
- सम्मेलन का उद्घाटन सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने किया।

**7.** SBI फाउंडेशन ने सीमा-पार स्तर पर लाल पांडा प्रजातियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने और सिक्किम तथा पश्चिम बंगाल के कंचनजंगा परिदृश्य में उनकी सुरक्षा करने में समुदायों के साथ मिलकर काम करने के लिए किस संगठन के साथ साझेदारी की _______**WWF इंडिया।**

**नोट:**

- कार्यक्रम का आयोजन गंगटोक के हिमालयन जूलॉजिकल पार्क में किया गया।

Join Our Classroom Program Now

- लाल पांडा संरक्षण में सहायता के लिए हर वर्ष सितंबर के तीसरे शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय लाल पांडा दिवस मनाया जाता है।
- SBI फाउंडेशन SBI की CSR शाखा है।

8. बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने गरीबी तथा सामाजिक असमानताओं को दूर करने के लिए कितनी राशि की वित्तीय सहायता प्रदान करने की घोषणा की ________ **1.27 बिलियन अमेरिकी डॉलर।**

**नोट:**

- गोलकीपर्स की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र SDG के प्रत्येक संकेतक 2030 तक लक्ष्य हासिल करने के मार्ग से भटक गए हैं।
- 2022 गोलकीपर पुरस्कार:
- ग्लोबल गोलकीपर अवार्ड: उर्सुला वॉन डेर लेयेन (जर्मनी)
- कैंपेन अवार्ड: वैनेसा नाकाटे (युगांडा)
- चेंजमेकर अवार्ड: ज़हरा जोया (अफगानिस्तान)
- प्रोग्रेस अवार्ड: डॉ. राधिका बत्रा (भारत)

9. न्यूयॉर्क में UNGA के इतर अमेरिका द्वारा आयोजित एक मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान किस राष्ट्र समूह ने मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (HADR) साझेदारी दिशानिर्देशों पर हस्ताक्षर किए ________ **QUAD समूह।**

**नोट:**

- क्वाड लीडर्स टोक्यो समिट 2022 के दौरान समूह के स्वतंत्र एवं मुक्त हिंद-प्रशांत के साझा दृष्टिकोण के एक भाग के रूप में साझेदारी की घोषणा की गई थी।
- इन दिशा-निर्देशों का उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में होने वाली आपदाओं से निपटना है।

10. IIFL वेल्थ हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2022 के अनुसार, 10,94,400 करोड़ रुपये की अनुमानित संपत्ति के साथ सूची में शीर्ष स्थान किसने हासिल किया ________ **गौतम अडाणी।**

**नोट:**

- जबकि, 7,94,700 करोड़ रुपये की अनुमानित संपत्ति के साथ मुकेश अंबानी सूची में भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं।
- नाइका की संस्थापक तथा CEO, फाल्गुनी नायर कुल संपत्ति में बायोकॉन की प्रमुख, किरण मजूमदार-शॉ को पछाड़कर भारत की सबसे अमीर स्व-निर्मित महिला बनीं।
- वह भारत की सबसे अमीर महिला भी हैं, उनके बाद रेयर एंटरप्राइजेज की रेखा झुनझुनवाला हैं।

11. पोषण माह 2022 के लिए यूनिसेफ इंडिया के साथ किस संगठन ने साझेदारी की ________ **विटामिन एंजेल्स इंडिया।**

**नोट:**

- उद्देश्य: पोषण सामग्री, वितरण, पहुंच, और रोग एवं अल्पपोषण के प्रति प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए एक व्यापक, एकीकृत पहुंच तथा जागरूकता कार्यक्रम को लागू करना।

Join Our Classroom Program Now

- इस साझेदारी में जनवरी 2023 में पोशन इनोवेशन प्लेटफॉर्म (PIP) का शुभारंभ भी शामिल है।
- सितंबर 2022 और दिसंबर 2026 के बीच PIP को सम्मिलित करने के लिए चरणबद्ध दृष्टिकोण का पालन किया जाएगा।

12. विश्व बौद्धिक संपदा संगठन के 2022 ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स के अनुसार, भारत की रैंक ________ **40वीं।**

**नोट:**

- भारत 2021 में 46वें और 2015 में 81वें स्थान पर था।
- 64.6 के स्कोर के साथ स्विट्ज़रलैंड लगातार 12वें वर्ष दुनिया की सबसे अभिनव अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है।
- दूसरा स्थान अमेरिका ने प्राप्त किया तथा उसके बाद स्वीडन और यूके का स्थान था।
- अन्य देश: चीन (11वां); लिथुआनिया (39वां); लातविया (41वां); बांग्लादेश (102वां); गिनी (132वां, अंतिम)

13. IIFL वेल्थ हुरुन इंडिया 40 एंड अंडर सेल्फ मेड रिच लिस्ट 2022 द्वारा जारी 40 वर्ष से कम आयु के स्व-निर्मित समृद्ध व्यक्तियों की सूची में कौन शीर्ष पर रहा_________ **ज़ेरोधा के संस्थापक निखिल कामथ।**

**नोट:**

- ओला इलेक्ट्रिक के CEO भाविश अग्रवाल को 11,700 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सूची में दूसरे स्थान पर रखा गया है, इसके बाद दिव्यांक तुराखिया (मीडिया नेटवर्क, 11,200 करोड़ रुपये) का स्थान है।
- हुरुन इंडिया रिच लिस्ट में 40 वर्ष से कम आयु के 53 उद्यमी हैं।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. 13वें सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर (SEOY) अवॉर्ड-इंडिया से किन्हें सम्मानित किया गया _______**हकदर्शक के CEO, अनिकेत डोएगर।**

**नोट:**

- इस पुरस्कार की स्थापना जुबिलेंट भारतीय फाउंडेशन और श्वाब फाउंडेशन फॉर सोशल एंटरप्रेन्योरशिप द्वारा की गई है।
- हकदर्शक एक टेक प्लेटफॉर्म है जो नागरिकों को उनकी वांछनीय सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ता है।
- यह पुरस्कार केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रदान किया।

2. विज्ञान पत्रिका 'विज्ञान प्रगति' को पंडित दीन दयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम, सूरत में 14-15 सितंबर 2022 के दौरान आयोजित दूसरे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में राष्ट्रीय राजभाषा कीर्ति पुरस्कार मिला। यह पत्रिका किस संगठन द्वारा प्रकाशित की गई _______**CSIR।**

Join Our Classroom Program Now

**नोट:**

- यह सम्मेलन गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित किया गया था।
- विज्ञान प्रगति भारत की सबसे लोकप्रिय विज्ञान पत्रिकाओं में से एक है और 1952 में वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) द्वारा शुरू की गई थी।

**3.** किस स्टार्टअप ने 'ग्राहक प्रतिधारण के लिए भविष्यसूचक वैश्लेषिकी' श्रेणी में NASSCOM-NIPP GCC फिनटेक चैलेंज जीता _______**TRAiCEInc।**

**नोट:**

- कारण: यह प्रदर्शित करते हुए कि ऋणदाताओं को तीव्र तथा सुरक्षित वित्तपोषण के लिए परिचालन क्षमता में सुधार करने में सहायता हेतु कैसे प्लेटफॉर्म भविष्यसूचक AI का उपयोग करता है।
- TRAiCEInc एक बिना कोड का AI-संवर्धित अर्ली वार्निंग तथा बिजनेस रिस्क मॉनिटरिंग सिस्टम है।
- NIPP GCC फिनटेक चैलेंज एक ऐसी प्रतियोगिता है जहां स्टार्टअप वित्तीय सेवा क्षेत्र संबंधी समाधान पेश कर सकते हैं।

**4.** कैथरीन कोलोना (फ्रांस की यूरोप एवं विदेश मंत्री) द्वारा फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'शेवेलियर डे ला लीजन डी'होनूर या नाइट ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' से किन्हें सम्मानित किया गया _______**डॉ. स्वाति पीरामल।**

**नोट:**

- उन्हें व्यापार एवं उद्योग, विज्ञान, चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान और भारत-फ्रांस संबंधों को मजबूत करने के लिए सम्मानित किया गया।
- वह पीरामल ग्रुप की उपाध्यक्ष हैं।
- उन्हें 2012 में पद्मश्री सम्मान भी प्राप्त हो चुका है।

**5.** किस गुजराती फिल्म को 95वें अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में भारत की प्रस्तुति चुना गया_______**छेलो शो (अंतिम फिल्म शो)।**

**नोट:**

- इस फिल्म का निर्देशन पान नलिन ने किया था।
- इस फिल्म को 2021 में 66वें वेलाडोलिड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन स्पाइक से सम्मानित किया गया था।
- इस फिल्म का प्रीमियर 2021 में ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में किया गया था।

**6.** किस भारतीय पहल ने अमेरिका के न्यूयॉर्क में आयोजित संयुक्त राष्ट्र महासभा में '2022 यूएन इंटरएजेंसी टास्क फोर्स और डब्ल्यूएचओ स्पेशल प्रोग्राम ऑन प्राइमरी हेल्थ केयर अवॉर्ड' जीता_________ **भारत उच्च रक्तचाप नियंत्रण पहल (IHCI)।**

**नोट:**

- कारण: सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत उच्च रक्तचाप के नियंत्रण तथा रोकथाम की पहल।

Join Our Classroom Program Now

- यह पहल 2017 में शुरू की गई थी और 23 राज्यों के 130 से अधिक जिलों तक चरणबद्ध तरीके से इसका विस्तार किया गया था।

7. सैद्धांतिक कंप्यूटर विज्ञान तथा गणित में कई खोजों के लिए 2023 ब्रेकथ्रू प्राइज़ इन मैथेमैटिक्स से किसे सम्मानित किया गया है _______ **डैनियल ए. स्पीलमैन।**

**नोट:**

- **मूलभूत भौतिकी में:**
- चार्ल्स एच. बेनेट, गाइल्स ब्रासर्ड, डेविड ड्यूश और पीटर शोर
- कारण: क्वांटम संगणना को रेखांकित करने वाली मूलभूत भौतिकी की खोज करना।
- **जैविक विज्ञान:** क्लिफोर्ड ब्रैंगविन और एंथोनी हाइमन; डेमिस हसबिस और जॉन जम्पर; इमैनुएल मिग्नॉट और मसाशी यानागिसावा

8. जर्मनी के दरमस्टाद में पेन सेंटर द्वारा हरमन केस्टन प्राइज़ का प्राप्तकर्ता किन्हें चुना गया ________ **मीना कंडासामी।**

**नोट:**

- हरमन केस्टन प्राइज़ उन व्यक्तित्वों को सम्मानित करता है जो पेन एसोसिएशन के चार्टर की भावना में हैं और उत्पीड़ित लेखकों एवं पत्रकारों के अधिकारों के लिए खड़े हैं।
- उनकी उल्लेखनीय रचनाएं: द जिप्सी गॉडेस (2014), व्हेन आई हिट यू: ऑर, ए पोर्ट्रेट ऑफ द राइटर ऐज़ ए यंग वाइफ (2017), और मिस मिलिटेंसी (2010)।

9. किस हवाई अड्डे को 2021-22 में एक कार्यक्रम 'मिशन सेफगार्डिंग' के सतर्कतापूर्ण कार्यान्वयन के लिए एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी अवार्ड-2022 मिला __________ **कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (CIAL)।**

**नोट:**

- इस कार्यक्रम ने निर्बाध यातायात सुनिश्चित किया और महामारी के बाद यात्री संतोष को सुदृढ़ किया है।
- श्रेणी: एशिया-प्रशांत क्षेत्र में कार्यशील हवाई अड्डों में 5-15 मिलियन यात्री श्रेणी
- पुरस्कार एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (ACI) द्वारा संस्थापित किया गया था।

10. लंदन में आयोजित 20वें एशियन अचीवर्स अवार्ड्स में पहली बार क्वीन एलिजाबेथ II वुमन ऑफ द ईयर अवार्ड से किन्हें सम्मानित किया गया _________ **सुएला ब्रेवरमैन (यूके होम सेकेट्री)।**

**नोट:**

- 2022 में, वह प्रीति पटेल की जगह गृह सचिव बनीं।
- कला एवं संस्कृति: नमित मल्होत्रा ( DNEG के अध्यक्ष)
- बिजनेस पर्सन ऑफ द ईयर: शमील और कवि ठकरार (ढिशूम के संस्थापक)
- सामुदायिक सेवा: डॉ. ज़रीन रूही अहमद (गिफ्ट वेलनेस के CEO)

11. वह व्यक्ति जिन्हें 2021 के लिए राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया ________ **कुमार सानू।**

**नोट:**

BYJU'S EXAM PREP

- कुमार सानू और शैलेंद्र सिंह (पार्श्व गायक) और आनंद-मिलिंद (संगीत-संगीतकार जोड़ी) को अलग-अलग वर्षों के लिए राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
- प्रतिष्ठित पुरस्कार 28 सितंबर (दिवंगत महान गायिका की जयंती) पर उनके जन्मस्थान इंदौर में प्रदान किया जाएगा।
- शैलेंद्र सिंह को 2019 का लता मंगेशकर पुरस्कार दिया जाएगा।
- जबकि आनंद-मिलिंद को 2020 के सम्मान से नवाजा जाएगा।

**12.** भारतीय सिनेमा के क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मान, दादा साहब फाल्के पुरस्कार 2020 से किन्हें सम्मानित किया गया _________ **आशा पारेख।**

**नोट:**

- वह 30 सितंबर को 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पुरस्कार प्राप्त करेंगी।
- उन्हें 1992 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।
- वह 1998 से 2001 तक केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की अध्यक्षता करने वाली पहली महिला भी बनीं।
- दादा साहब फाल्के पुरस्कार 1969 में स्थापित किया गया था और यह पहली बार देविका रानी को प्रदान किया गया था।

**13.** पर्यटन मंत्रालय की ओर से किस राज्य को सर्वश्रेष्ठ साहसिक पर्यटन स्थल तथा पर्यटन के सर्वांगीण विकास के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ _______ **उत्तराखंड।**

**नोट:**

- राज्य के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार 2018-19 की प्रस्तुतीकरण के दौरान उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से पुरस्कार प्राप्त किया।
- उत्तराखंड राज्यपाल: गुरमीत सिंह; मुख्यमंत्री: पुष्कर सिंह धामी

**14.** भारतीय महिला अधिकार कार्यकर्ता का नाम बताइए, जिन्हें UN SDG एक्शन अवार्ड्स में 'चेंजमेकर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया_______ **सृष्टि बख्शी।**

**नोट:**

- कारण: लैंगिक हिंसा का सामना करना और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षित पहुंच का समर्थन करना।
- यह UN SDG एक्शन कैंपेन का एक फ्लैगशिप है जो लोगों को स्वस्थ ग्रह पर अधिक टिकाऊ भविष्य की दिशा में कार्य करने के लिए 'संघटित, प्रेरित तथा संयोजित' करता है।
- अन्य श्रेणियों के पुरस्कार:
- संघटित करना (Mobilise): SUPvivors say NO MORE
- प्रेरित करना (Inspire): मासुंगी स्टोरी
- संयोजित करना (Connect): CyprusInno

## खेल समाचार

Join Our Classroom Program Now

BYJU'S EXAM PREP

1. किस देश ने कोलंबो, श्रीलंका में खेले गए फाइनल में नेपाल को 4-0 से हराकर दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (SAFF) अंडर -17 चैंपियनशिप खिताब हासिल किया ________**भारत।**

**नोट:**

- भारत ने बेहतरीन खेल प्रदर्शित करके चौथी बार (2013, 2017, 2019, 2022) खिताब जीता।
- भारत के कप्तान, वनलालपेका गुइते को टूर्नामेंट का मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुना गया, जबकि गोलकीपर, साहिल ने सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीता।
- SAFF सदस्य: बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका

2. किस भारतीय महिला पहलवान ने बेलग्रेड, सर्बिया में आयोजित विश्व चैंपियनशिप के 53 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता _______**विनेश फोगाट।**

**नोट:**

- वह विश्व चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं।
- उन्होंने मौजूदा यूरोपीय चैंपियन स्वीडन की एम्मा मैलमग्रेन को हराया।
- चैंपियनशिप में यह उनका दूसरा कांस्य पदक है।

3. रोजर फेडरर ने संन्यास की घोषणा की, वह किस खेल से संबंधित हैं ______**टेनिस।**

**नोट:**

- टेनिस के शानदार खिलाड़ी फेडरर के 24 वर्षों में 1500 से अधिक मैच खेले हैं।
- उन्होंने अपना पहला जूनियर मैच 1996 में 14 वर्ष की आयु में स्विट्जरलैंड में ग्रेड 2 टूर्नामेंट में खेला था।
- उन्होंने 2003 में 21 वर्ष की आयु में विंबलडन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता।

4. राचेल हेन्स, जिन्होंने 35 वर्ष की आयु में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है, किस देश से संबंधित हैं ______**ऑस्ट्रेलिया।**

**नोट:**

- लेकिन, वह महिलाओं की बिग बैश लीग में सिडनी थंडर के लिए एक और सीजन खेलेंगी।
- बाएं हाथ की बल्लेबाज ने 2009 में पदार्पण के बाद से तीनों प्रारूपों में 150 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 3,818 रन बनाए हैं।
- उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के साथ छह वैश्विक खिताब जीते और 2018 में उप-कप्तान बनीं।

5. रोमानिया के मामाइया में आयोजित विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप में भारत के 76वें ग्रैंडमास्टर कौन बने _______**प्रणव आनंद।**

**नोट:**

- उन्होंने रोमानिया में जारी प्रतियोगिता में 2,500 एलो अंक का आंकड़ा पार किया।
- वह GM खिताब हेतु जरूरी अन्य मानदंड पहले ही पूरे कर चुके हैं।
- GM के लिए योग्यता: एक खिलाड़ी को तीन GM मानदंड प्राप्त करने तथा 2,500 एलो अंक की लाइव रेटिंग पार करने की आवश्यकता होती है।

Join Our Classroom Program Now

- उन्होंने तीसरा तथा अंतिम GM मानदंड स्विट्जरलैंड में 55वें बील शतरंज में हासिल किया था।

**6.** चेन्नई स्थित SDAT स्टेडियम में तीसरी वरीयता प्राप्त मैग्डा लिनेटे (पोलैंड) को 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर 2022 WTA चेन्नई ओपन किसने जीता _____**लिंडा फ्रुहविरटोवा (चेक)।**

**नोट:**

- 17 वर्ष एवं 141 दिन की आयु में, वह अब तक WTA टूर पर सीजन की सबसे युवा खिताब विजेता हैं।
- पिछले वर्ष 17 वर्ष, 70 दिन की आयु में कोको गॉफ ने पर्मा जीता था, तब से वह टूर पर सबसे युवा एकल चैंपियन हैं।
- युगल WTS चेन्नई ओपन: गैब्रिएला डाब्रोवस्की और लुइसा स्टेफनी।

**7.** विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक किसने जीता _____**बजरंग पुनिया।**

**नोट:**

- उन्होंने प्यूर्टो रिको के सेबस्टियन सी. रिवेरा को 11-9 से हराया।
- चैंपियनशिप में पुनिया का यह चौथा पदक है, जिसने 2013 में कांस्य के साथ अपना सफर शुरू किया।
- विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के मौजूदा संस्करण में यह भारत का दूसरा पदक है।

**8.** किस टीम ने इंडियन सुपर लीग (ISL) की टीम मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराकर कोलकाता में विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में डूरंड कप का 131वां संस्करण जीता ________**बेंगलुरु एफसी।**

**नोट:**

- एलन कोस्टा के 61वें मिनट में किए गए गोल ने बेंगलुरू एफसी को मुंबई के खिलाफ विजयी बढ़त दिलाई।
- प्रतियोगिता का पहला संस्करण 1888 में खेला गया था।

**9.** नेपाल के काठमांडू में दशरथ रंगशाला स्टेडियम में किस देश ने पहला SAFF महिला चैंपियनशिप खिताब हासिल किया ______**बांग्लादेश।**

**नोट:**

- फाइनल में बांग्लादेश ने मेजबान नेपाल को 3-1 से हराया।
- सबीना खातून (बांग्लादेश की कप्तान) 5 मैचों में 8 गोल के साथ टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर बनीं।
- उन्हें उनके असाधारण खेल के लिए टूर्नामेंट की मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर भी चुना गया।

**10.** वह अनुभवी असमिया तैराक, जो नॉर्थ चैनल को पार करने वाले पूर्वोत्तर के पहले व्यक्ति बने ________ **एल्विस अली हजारिका।**

**नोट:**

- नॉर्थ चैनल उत्तर-पूर्वी उत्तरी आयरलैंड और दक्षिण-पश्चिमी स्कॉटलैंड के मध्य का जलडमरूमध्य है।

Join Our Classroom Program Now

BYJU'S EXAM PREP

- एल्विस तथा उनकी टीम ने यह उपलब्धि हासिल करने में 14 घंटे 38 मिनट का समय लिया।
- इसके साथ ही एल्विस नॉर्थ चैनल को पार करने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय तैराक बन गए।

**11.** कौन सा देश 2023 में अपनी पहली मोटोजीपी वर्ल्ड चैंपियनशिप रेस की मेजबानी करेगा________ **भारत।**

**नोट:**

- मोटोजीपी की वाणिज्यिक अधिकार धारक, डोर्ना ने नोएडा स्थित रेस प्रमोटर्स, फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स के साथ अगले सात वर्षों के लिए भारत में प्रीमियर टू-व्हील रेसिंग प्रतियोगिता की मेजबानी करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- मोटोजीपी की भारतीय रेसिंग परिदृश्य में मोटो-ई को भी पेश करने की योजना है जो न केवल एशिया में पहली होगी बल्कि शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन वाली एक हरित पहल होगी।

**12.** किसने 2:01:09 (नया रिकॉर्ड) के समय के साथ अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़कर बर्लिन मैराथन जीती __________ **एलिउड किपचोगे (केन्या)।**

**नोट:**

- आधिकारिक 42.2 किमी दौड़ में उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ 2:01:39 था जो 2018 में उसी कोर्स पर बनाया गया था।
- उन्हें लंबे समय से दुनिया का सर्वश्रेष्ठ मैराथन धावक करार दिया गया है।
- वह 2019 में वियना में दो घंटे से कम समय में मैराथन रेस दौड़ने वाले पहले एथलीट थे।
- टिगिस्ट असेफा (इथियोपिया) ने 2:15:37 के कोर्स रिकॉर्ड में महिलाओं की दौड़ जीती है।

## पुस्तकें एवं लेखक

1. नई दिल्ली में "अंबेडकर एंड मोदी: रिफॉर्मर्स आइडियाज परफॉर्मर्स इम्प्लीमेंटेशन" पुस्तक का विमोचन किसने किया _______**पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद।**

**नोट:**

- यह डॉ. बी.आर. अंबेडकर के जीवन, कार्यों तथा उपलब्धियों को दर्शाती है और डॉ. अंबेडकर के आदर्शों तथा नए भारत की विकास यात्रा के बीच अभिसरण प्रस्तुत करती है।
- इसे ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन द्वारा 12 अध्यायों में संकलित किया गया है तथा इसकी प्रस्तावना संगीतकार एवं राज्यसभा सदस्य इलैयाराजा ने लिखी है।

2. प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता, मनोज बाजपेयी ने एक पुस्तक 'मुस्कुराते चंद लम्हे और कुछ खामोशियां' का विमोचन किया, इस पुस्तक के लेखक हैं________**जीवेश नंदन।**

**नोट:**

- पुस्तक का विमोचन सूचना एवं प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा की उपस्थिति में नई दिल्ली में किया गया।
- पुस्तक एक कविता संग्रह प्रस्तुत करती है।

Join Our Classroom Program Now

- पुस्तक को एक भारतीय प्रकाशन संगठन, विजडम ट्री के संस्थापक एवं प्रकाशक शोबित आर्य द्वारा प्रकाशित किया गया है।

**3.** शी इज़-वुमन इन स्टीम नामक पुस्तक का अनावरण प्रो. अजय सूद (भारत सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार) और एलेक्स एलिस (ब्रिटिश उच्चायुक्त) ने किया, पुस्तक की संकलनकर्ता हैं ________ **एल्सा मैरी डी सिल्वा।**

**नोट:**

- पुस्तक ने STEAM के क्षेत्र में लैंगिक, नेतृत्व तथा सतत विकास की सराहना करते हुए STEAM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला तथा गणित के क्षेत्र) में 75 महिलाओं को सम्मानित किया है।
- पुस्तक की सचित्र व्याख्या सुप्रीत के. सिंह ने की है।

**4.** नई दिल्ली में आकाशवाणी भवन में "सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास" पुस्तक का विमोचन किसने किया ________ **पूर्व उप-राष्ट्रपति, वेंकैया नायडू।**

**नोट:**

- सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की उपस्थिति में पुस्तक का विमोचन किया गया।
- पुस्तक मई 2019 और मई 2020 के बीच प्रधानमंत्री मोदी के चुनिंदा भाषणों का संग्रह है।
- पुस्तक विभिन्न विषयों पर प्रधानमंत्री के 86 भाषणों पर केंद्रित है।
- पुस्तक हिंदी तथा अंग्रेजी में प्रकाशित हुई थी।

**5.** पुरस्कार विजेता पुस्तक "लता: सुर-गाथा" का अंग्रेजी में अनुवाद किसने किया जो जनवरी 2023 में विमोचित होगी ________ **इरा पांडे।**

**नोट:**

- पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया (PRHI) द्वारा यह घोषणा की गई।
- यह पुस्तक मूलतः हिन्दी में लेखक-कवि यतीन्द्र मिश्र द्वारा लिखी गई थी।
- इस पुस्तक ने सिनेमा पर सर्वश्रेष्ठ लेखन (2016-17) के लिए 64वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और MAMI पुरस्कार भी जीता।

## विज्ञान एवं रक्षा

**1.** किस अंतरिक्ष एजेंसी ने UAE के मोहम्मद बिन राशिद अंतरिक्ष केंद्र द्वारा विकसित लैंडर पर रोवर को सवार करके चंद्रमा पर भेजने के लिए उसके साथ साझेदारी पर सहमति व्यक्त की ______**चीन की अंतरिक्ष एजेंसी।**

**नोट:**

- वर्तमान में, UAE अमीरात लूनर मिशन के तहत 2022 के अंत में चंद्रमा पर एक लैंडर में रोवर को लॉन्च करने पर काम कर रहा है।
- लैंडर को एक जापानी कंपनी 'आईस्पेस' ने विकसित किया है।

Join Our Classroom Program Now

- रोवर 'राशिद' 10 किग्रा वजनी रोबोटिक रोवर है जिसे HAKUTO-R (लैंडर) के अंदर चंद्रमा पर ले जाया जाएगा।

2. BSF का पहला महिला ऊंट सवार दस्ता राजस्थान तथा किस राज्य में भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात किया जाएगा ________**गुजरात।**

**नोट:**

- यह महिला दस्ता पहली बार 1 दिसंबर को BSF स्थापना दिवस परेड में भी भाग लेगा।
- यह दस्ता दुनिया में अपनी तरह का पहला दस्ता होगा।
- इस दस्ते ने कुशल प्रशिक्षकों के पर्यवेक्षण में BSF के बीकानेर क्षेत्रीय मुख्यालय में गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

3. राष्ट्र को 32 वर्षों की शानदार सेवा प्रदान करने के बाद भारतीय नौसेना ने नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई में किस INS को सेवामुक्त किया ______**INS अजय।**

**नोट:**

- इसे 24 जनवरी 1990 को पोटी, जॉर्जिया में तत्कालीन सोवियत संघ में कमीशन किया गया था।
- यह फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग, महाराष्ट्र नेवल एरिया के परिचालन नियंत्रण के अधीन 23वीं पैट्रोल वेसल स्क्वाड्रन का एक भाग था।
- सहभागिता: कारगिल युद्ध में ऑपरेशन तलवार और 2001 में ऑपरेशन पराक्रम के दौरान

4. HQENC के तत्वावधान में INWTC, INS सर्कर्स द्वारा ENC नौकायन चैंपियनशिप का आयोजन किस स्थान पर किया गया______**विशाखापत्तनम।**

**नोट:**

- पुरस्कार वितरण तथा समापन समारोह का संचालन मुख्य अतिथि, कमोडोर सुमंत्र हजारिका, निदेशक MWC (V) द्वारा किया गया।
- एंटरप्राइज डिंगली, ILCA 6, ILCA 7 श्रेणियों और बिकनोवा विंड सर्फर में कुल 38 रेस आयोजित की गईं।
- कुल 46 नाविकों और 8 नाविकाओं ने ENC नौकायन चैंपियनशिप में भाग लिया।

5. मेक इन इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय वायु सेना के प्रोजेक्ट चीता के एक भाग के रूप में किस देश के हेरॉन ड्रोन मारक क्षमताओं से लैस किए जाएंगे_____**इज़राइल।**

**नोट:**

- प्रोजेक्ट चीता का उद्देश्य मजबूत संचार क्षमताओं तथा शत्रु के क्षेत्र में मार करने में सक्षम लंबी दूरी की मिसाइलों के साथ इजरायल निर्मित मानव रहित एरियल व्हीकल 'हेरॉन' के भारतीय वायु सेना के बेड़े में सुधार करना है।

6. श्रीहरिकोटा से एक नियोजित प्रक्षेपण से पहले लो अर्थ ऑर्बिट (LEO) उपग्रह संचार कंपनी 'वनवेब' के कितने उपग्रह सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र पहुंचे _____**36।**

**नोट:**

- उपग्रहों का प्रक्षेपण सबसे भारी इसरो रॉकेट, GSLV-MkIII द्वारा किया जाएगा।

Join Our Classroom Program Now

- प्रक्षेपण में सहायता के लिए वनवेब ने न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) के साथ साझेदारी की है।
- NSIL राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) की वाणिज्यिक शाखा है।

**7.** किस देश के शोधकर्ताओं ने चंद्रमा के समीपवर्ती भाग पर एक दुर्लभ लूनर क्रिस्टल तथा परमाणु ऊर्जा स्रोत की खोज की ________ **चीन।**

**नोट:**

- चेंजसाइट- (Y): यह एक छोटा, पारदर्शी क्रिस्टल (हीरे का आकार) है।
- इसका नाम चीनी चंद्र देवी चांग'ई के नाम पर रखा गया था।
- यह मनुष्य के बाल जितना चौड़ा है।
- चांग'ई-5 मिशन: यह चीन का पहला लूनर सैंपल-रिटर्न मिशन और पांचवां चंद्रमा अन्वेषण मिशन है।

**8.** किस संगठन ने राष्ट्रीय गतिक विकलांगता संस्थान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान के साथ एक MoU के अंतर्गत एक कुशल कृत्रिम अंग विकसित किया __________ **इसरो के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र।**

**नोट:**

- वजन: 1.6 किग्रा
- इसने एक अपंग व्यक्ति को कम से कम सहायता के साथ गलियारे में लगभग 100 मीटर चलने में सक्षम बनाया है।
- यह एक माइक्रोप्रोसेसर-नियंत्रित घुटने (MPK) है जो दिव्यांगजनों को विस्तारित क्षमता प्रदान करता है।

**9.** रक्षा मंत्रालय ने SPARSH (सिस्टम फॉर पेंशन एडमिनिस्ट्रेशन) के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा और किस बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं__________ **HDFC बैंक।**

**नोट:**

- उद्देश्य: देश भर में सत्रह लाख रक्षा पेंशनभोगियों की पेंशन को कवर करना।
- रक्षा सचिव, डॉ. अजय कुमार ने घोषणा की है कि पेंशन निपटान में औसत समय काफी कम होकर लगभग 16 दिन हो गया है।
- अब तक, SPARSH पहल ने एक मिलियन पेंशनभोगियों के ऑनबोर्ड आंकड़े को पार कर लिया है और 2021-22 में 11,600 करोड़ रुपये वितरित किए हैं।

**10.** भारत-अमेरिकी तटरक्षक बल संयुक्त अभ्यास 'Abhyas-01/22' किस तट पर आयोजित किया गया था ________**चेन्नई तट।**

**नोट:**

- उद्देश्य: खोज तथा बचाव, समुद्री डकैती रोधी अभियान और जहाजों की समन्वित ज्वाइंट बोर्डिंग।

Join Our Classroom Program Now

- समुद्री डकैती विरोधी प्रदर्शन: एक जहाज का अपहरण करते समुद्री लुटेरों का एक परिदृश्य बनाया गया और दोनों देशों के तट रक्षक बलों ने जहाज के समन्वित प्रतिबंध को अंजाम दिया।
- खोज और बचाव अभियान में जलते जहाजों को बचाने संबंधी गतिविधियां तथा बाह्य अग्निशमन शामिल हैं।

11. किस देश की नौसेना ने नए Sa'ar 6 कार्वेट से गैब्रियल V एंटी-शिप मिसाइल सिस्टम का जटिल परीक्षण पूरा किया _________**इजरायल।**

**नोट:**

- मिसाइल का निर्माण इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (IAI) द्वारा किया गया था।
- मारक सीमा: 200 किमी से अधिक

12. रक्षा मंत्रालय ने "बाय-इंडियन" श्रेणी के तहत कितने मूल्य में दोहरी भूमिका वाली अतिरिक्त सर्फेस टू सर्फेस ब्रह्मोस मिसाइलों की प्राप्ति के लिए ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (BAPL) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए__________**1700 करोड़ रुपये (लगभग)।**

**नोट:**

- इन दोहरी भूमिका वाली मिसाइलों के आने से भारतीय नौसेना के बेड़े की परिचालन क्षमता बढ़ेगी।
- ब्रह्मोस को जल, थल तथा नभ से लॉन्च किया जा सकता है और तीनों वेरिएंट भारतीय सशस्त्र बलों में सेवारत हैं।

13. किस संगठन ने इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज, चांदीपुर, ओडिशा में वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम (VSHORADS) मिसाइलों का सफल परीक्षण आयोजित किया_________ **DRDO।**

**नोट:**

- यह एक मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम है जिसे DRDO के अनुसंधान केंद्र इमारत, हैदराबाद द्वारा अन्य DRDO केंद्रों के सहयोग से डिजाइन और विकसित किया गया है।
- उपयोग: कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों को कम दूरी पर ध्वस्त करना।
- सहज सुवाह्यता सुनिश्चित करने के लिए लांचर सहित मिसाइल के डिजाइन को अत्यधिक अनुकूलित किया गया है।

Join Our Classroom Program Now

BYJU'S EXAM PREP

# Buy Test Series

## Unlock All 650+ Mock Tests for SSC & Railway

- Unlimited Access
- All Exams covered
- Designed by Experts
- Performance Analysis



https://byjusexamprep.com